नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -15 ◆ अंक: 230 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, गुरुवार 15 जून 2023

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in

पेज -7 पर
कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने जिले के विकास कार्यों की समीक्षा की

पेज -8 पर
शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए कई शिक्षक हुए सम्मानित

मुख्यमंत्री बाल उदय योजना

बाल देखरेख संस्था से बाहर जाने वाले बालकों को मिलेगा सुनहरा भविष्य

रायपुर। छत्तीसगढ़ में बाल देखरेख संस्था से बाहर जाने वाले बालकों के जीवन को सही दिशा देने के लिए मुख्यमंत्री बाल उदय योजना शुरू की गई है। इसका मुख्य उद्देश्य बालकों की देखरेख, समुचित पुनर्वास और एक सफल नागरिक के रूप में उनको स्थापित करना है। योजना के तहत राज्य में संचालित 69 बाल देखरेख संस्थाओं के 108 बच्चों को लाभान्वित किया जाएगा। यह जानकारी आज महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा यूनिसेफ के सहयोग से रायपुर के लाभांडी में मुख्यमंत्री बाल उदय योजना पर आयोजित एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला में दी गई। यहां योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी देने के साथ उसके क्रियान्वयन की प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यशाला का शुभारंभ छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती किरणमयी नायक ने किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बाल उदय योजना छत्तीसगढ़ की अनूठी योजना है, जो बच्चों को अपराधी बनने से रोक कर एक सुनहरे भविष्य की ओर आगे बढ़ाती है। योजना के तहत बच्चों की परवरिश समुचित रूप से होने से वे एक जिम्मेदार नागरिक बनेंगे और भविष्य में छत्तीसगढ़ के विकास में भी सहयोग करेंगे। उन्होंने हायर सेकेण्डरी स्कूलों और कॉलेजों में प्री-मैरिज कॉउंसलिंग की व्यवस्था शुरू करने का प्रस्ताव भी दिया, जिससे परिवारों में आ रहे बिखराव को कम किया जा सके।

विभागीय संचालक श्रीमती दिव्या मिश्रा ने बताया कि बाल देखरेख संस्थाओं में निवासरत बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए राज्य द्वारा उल्लास, उजियार, उम्मीद और उमंग कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसे आगे बढ़ाते हुए महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया के मार्गदर्शन में उदय अर्थात मुख्यमंत्री बाल उदय योजना का शुरू की गई है। यह बाल देखरेख संस्थाओं से बाहर जाने वाले बालकों के भविष्य के उदय का सूचक है। मिशन वात्सल्य के अंतर्गत बच्चों के आफ्टर केयर के लिए 4 हजार रूपए के आर्थिक सहयोग का प्रावधान है।

एक नजर

नाबार्ड की हाई पावर कमेटी की बैठक सम्पन्न

रायपुर। मुख्य सचिव अमिताभ जैन की अध्यक्षता में मंत्रालय महानदी भवन में नाबार्ड के अंतर्गत ग्रामीण आधारभूत सुविधा विकास निधि (आरआईडीएफ) से संबंधित प्रतिपूर्ति और ऋण प्रस्तावों की प्रगति की समीक्षा हेतु गठित हाई पावर कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2022-23 के स्वीकृत ऋण एवं प्रतिपूर्ति दावों की और वित्तीय वर्ष 2023-24 के ऋण प्रस्तावों एवं प्रतिपूर्ति हेतु विभिन्न लक्ष्यों के निर्धारण पर चर्चा की गई। बैठक में मुख्य सचिव श्री जैन ने राज्य शासन के कृषि, सिंचाई, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, लोक निर्माण, खाद्य सहित अन्य विभागों के अंतर्गत नाबार्ड द्वारा स्वीकृत ऋण परियोजनाओं के प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की।

बिना बेस किए बन रहा सड़क, नम आंखों से देख रही धरमजयगढ़ की जनता

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

कई दशकों बाद धरमजयगढ़ की जनता को आश लगी थी कि अब चमचमाती सड़क में चलने का मौका मिलेगा। लेकिन नए सड़क के नाम पर पुराने सड़क का मरम्मत कर दिया जा रहा है। इसे पढ़कर जरूर थोड़ा विश्वास नहीं हो रहा होगा, लेकिन धरमजयगढ़ की जनता बन रहे इस सड़क को नम आंखों से देख रही है।

क्योंकि इनके खिलाफ अनेकों बार धरना आंदोलन किया जा चुका है। अब लग रहा है जैसे भी करके डामरीकरण हो जाए। क्योंकि संबंधित विभाग के अधिकारी भी इस घटिया निर्माण में आहुति दे रहे हैं। वहीं जिम्मेदार जनप्रतिनिधि भी चुप हैं क्योंकि सामने चुनाव है और सड़क बिन जनता का वोट नहीं मिलेगा। इसलिए जैसे भी हो डामरीकरण हो जाए। हां बात कर रहे हैं खरसिया से धरमजयगढ़ तक बन रहे नए सड़क का। जिसका निर्माण कार्य का ठेका श्री जी इंफ्रस्ट्रक्चर कंपनी भोपाल को मिला है। शुरुआत में निर्माण कार्य बड़े ही धीमिगती से चल रहा था। लेकिन सामने चुनाव को देखते हुए तेजगति से निर्माण करने निर्देशित किया गया। ठेकेदार द्वारा जहां पहले भी घटिया निर्माण को अंजाम दिया जा रहा था अब तो नए निर्माण के नाम पर सिर्फ मरम्मत कर दिया जा रहा है। पुराने सड़क को उखड़कर जहां नए सिरे से बेस तैयार कर सड़क निर्माण करना था। लेकिन यहां तो पुराने सड़क को उखाड़े बिना ही उसके ऊपर गिट्टी डाल कर निर्माण किया जा रहा है। ऐसा करके ठेकेदार करोड़ों का लाभ अर्जित करने जा रहे हैं? लोक निर्माण विभाग के अधिकारी-कर्मचारी ठेकेदार के सामने घूटने टेक बैंठे हैं।

विपक्ष क्यों नहीं दिखता घटिया सड़क निर्माण?

खरसिया से पत्थलगांव सड़क निर्माण को लेकर कई बार चक्का जाम धरना प्रदर्शन किया जा चूका है इसके बाद भी ठेकेदार द्वारा नगर के बीचों-बीच बिना बेस बनाए ही सड़क निर्माण किया जा रहा है। सड़क निर्माण में हो रहे झोलझाल पर विपक्ष भी अपनी मुंह बंदकर बैंठें हैं आखिर क्यों? कुछ दिन पहले पूराने स्टेट बैंक के पास भी ठेकेदार द्वारा बिना बेस बनाए ही पूराने सड़क पर डामरीकरण करना शुरू कर दिया था जिसे नगर के कुछ जागरूक युवाकों द्वारा रोक दिया गया था। लेकिन अब फिर से ठेकेदार द्वारा नगर की सड़क को बिना खोदे ही पूराने सड़क के ऊपर गिट्टी डालकर डामरीकरण की तैयारी कर रहे

हैं। सड़क निर्माण में हो रहे इतना बड़ा गोलमाल न तो लोक निर्माण विभाग को दिखाई दे रहा है और न ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों को। अब हम बात करते हैं 15 साल तक राज करने के बाद विपक्ष में बैठे भाजपा की, धरमजयगढ़ भाजपा को भी ऐसे मुद्दे से कोई लेना देना नहीं हैं तभी तो इन सड़क निर्माण में हो रहे भ्रष्टाचार दिखाइ नहीं दे रहे हैं।

छत्तीसगढ़ में स्कूल 26 जून से प्रारंभ होंगे

स्कूल शिक्षा विभाग ने जारी किया आदेश

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा प्रदेश में भीषण गर्मी और लू से बच्चों की सुरक्षा के लिए ग्रीष्मकालीन अवकाश बढ़ाने के दिए गए निर्देश के परिपालन में छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा मंत्रालय से आदेश जारी कर दिया गया है। ग्रीष्म कालीन अवकाश की अवधि 16 जून से 25 जून तक बढ़ा दी गई है। स्कूल 26 जून से प्रारंभ होंगे। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि वर्तमान में प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी व लू को दृष्टिगत रखते हुए, राज्य शासन ग्रीष्मकालीन अवकाश की अवधि में 16 जून 2023 से 25 जून 2023 तक वृद्धि करता है। प्रदेश में शालाएं 26 जून 2023 से प्रारंभ होंगी।

कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता विश्वविद्यालय की छात्रा ने की आत्महत्या

रायपुर। राजधानी से एक बड़ी खबर सामने आ रही है जहां मीडिया की पढ़ाई कर रही एक छात्रा ने दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि छात्रा ने आत्महत्या का प्रयास किया और फांसी लगा ली लेकिन मौके पर परिजन पहुंच गए थे और उसे फ़ौरन अस्पताल लेकर गए। स्थिति बिगड़ने पर उसे दूसरे अस्पताल में रेफर किया गया लेकिन डॉक्टर उसे बचा नहीं पाए।

सिंघल ग्रुप आफ इंडस्ट्रीज में सामने आई 50 करोड़ की गड़बड़ी, रायपुर का मुख्य आफिस सील

रायपुर। सिंघल ग्रुप आफ इंडस्ट्रीज के ठिकानों पर आयकर विभाग द्वारा की जा रही जांच में अब तक लगभग 50 करोड़ की गड़बड़ी सामने आइ है।



बताया जा रहा है कि ग्रुप के रायपुर स्थित मुख्य कार्यालय के साथ ही रायगढ़ की फैक्ट्री भी सील कर दी गई है। इसके साथ ही आयकर विभाग को पहले ही ग्रुप के पास से सवा करोड़ की ज्वेलरी व एक करोड़ नकद मिले है।

आयकर जांच हुई पूरी, वापस लौटी टीम

आयकर सूत्रों का कहना है कि आयकर छापे की इस कार्रवाई में यह बात सामने आइ कि ग्रुप द्वारा शेल कंपनी बनाकर भारी मात्रा में टैक्स चोरी की जा रही थी और कोलकाता में अलग से शेल कंपनी बनाइ गई थी। इन सबका मुख्यालय रायपुर में ही था। गौरतलब है कि पिछले सप्ताह बुधवार से मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ के आयकर अफसरों की टीम द्वारा सिंघल ग्रुप आफ इंडस्ट्रीज के रायपुर, रायगढ़ व कोलकाता के 22 ठिकानों पर एक साथ छापामार कार्रवाई की गई थी। मंगलवार शाम को आयकर की यह कार्रवाई पूरी हुई। आयकर अफसरों का कहना है कि इस समूह द्वारा भारी मात्रा में कच्चे में लेनदेन किया जा रहा था। जांच के दौरान कच्चे में लेनदेन के ही सबुत मिले। कच्चे में लेनदेन का मुख्य उद्देश्य भी टैक्सी चोरी करना था। काफी दिनों से आयकर विभाग की नजर इस ग्रुप पर बनी हुई थी। आयकर की छापामार कार्रवाई में लगभग 150 आयकर अफसर शामिल थे और 100 सीआरपीएफ के जवान थे।

रेलवे स्टेशन के नजदीक 100 गुमटियों में लगी भीषण आग

लाखों का सामान जलकर खाक

बिलासपुर। रेलवे परिक्षेत्र के बुधवारी बाजार की गुमटियों में भीषण आग लग गई है. घटना की जानकारी मिलते ही दमकल की टीम और पुलिस के साथ जिला प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची. बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया है. पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार, आग की चपेट में आने से 100 गुमटियां जलकर खाक हो गई है. जिससे लाखों का नुकसान हुआ है. हालांकि, आग लगने का कारण अब तक पता नहीं चल पाया है. तोरवा पुलिस मामले की जांच कर रही है।

हाथी शावक का शव मिलने की सूचना, विभाग में हड़कंप

देर रात तक खोजबीन करता रहा अमला

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

धरमजयगढ़ वन मंडल के छाल रेंज अंतर्गत जंगल में एक हाथी शावक का शव मिला है। बुधवार की देर शाम यह खबर आई कि छाल रेंज के जंगल में ग्रामीणों के द्वारा एक हाथी शावक का शव देखा गया।

गोपनीयता की शर्त पर ग्रामीण सूत्रों ने हाथी शावक का शव देखे जाने की पुष्टि करते हुए हाथी के शव की कुछ कथित तस्वीरे भी साझा की। हालांकि, घटनास्थल तक नहीं पहुंच पाने के कारण का हवाला देते हुए विभाग के अधिकारियों ने शव बरामद होने की पुष्टि नहीं की। देर रात तक उन्होंने शव मिलने की सूचना प्राप्त होने व शव की खोजबीन के प्रयास किये जाने की बात कही। इस संबंध में मिली अधिक जानकारी के मुताबिक बुधवार को छाल रेंज के जंगल में हाथी के नन्हे शावक का शव मिलने से वन विभाग में हड़कंप मच गया। वन मंडल धरमजयगढ़ के छाल रेंज में पुरूंगा जामपाली बीच जंगल में यह देखा गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक शव के सर के हिस्से का क्षरण शुरू हो गया है, जिसके कारण इस शव के दो तीन दिन पुराना होने की आशंका जताई जा रही है। बताया जा रहा है कि शव को सबसे पहले क्षेत्र के कुछ ग्रामीणों ने देखा, जिसके बाद उन्होंने इस बात की जानकारी विभाग को दी। वहीं, देर शाम को सूचना मिलने के कारण अधिकारियों के मौके पर पहुंचने से पहले ही रात हो चुकी थी, और देर रात तक शव की खोजबीन जारी रही। बता दें कि इस जंगल में हमेशा हाथी विचरण करते रहते हैं। कुछ दिन पहले इसी जंगल में हाथियों का बड़ा झुंड विचरण कर रहा था। जिस दल में नन्हे शावक हाथी भी थे। वर्तमान में विभागीय आंकड़ों के अनुसार धरमजयगढ़ वन मंडल अंतर्गत करीब 150 की संख्या में हाथी विचरण कर रहे हैं।

बैठक... रविंद्र चौबे के घर में हुई कांग्रेस की बड़ी बैठक

सिंहदेव बोले- विपक्ष के कई नेताओं ने संपर्क किया, लेकिन मैं कहीं नहीं जाऊंगा

रायपुर। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने चुनावी तैयारी तेज कर दी है। कृषि मंत्री रविंद्र चौबे के निवास में कांग्रेस की बड़ी बैठक हुई। जिसमें मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश प्रभारी कुमारी सेलजा, विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत, मंत्री टीएस सिंहदेव, ताम्रध्वज साहू, पीसीसी चीफ मोहन मरकाम और मंत्री मोहम्मद अकबर मौजूद रहे। इस बैठक में चुनावी रणनीतियों पर चर्चा हुई।

बैठक के बाद मंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा, विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा हुई है। अगली बैठक 22 जून को हो सकती है। ऑपरेशन लोटस पर कहा, कई पार्टी के लोगों ने मुझसे संपर्क किया था। लेकिन मैं कांग्रेस को छोड़कर भाजपा या किसी दूसरी पार्टी में नहीं जाऊंगा।

बंगले के भीतर चल रही बैठक में सीएम भूपेश बघेल, कुमारी सेलजा और मोहन मरकाम मौजूद हैं। PCC चीफ मोहन मरकाम ने कहा, चुनावी रणनीतियों पर चर्चा हुई है। हमारे बड़े नेता भी बूथ तक जाएंगे। एक और बैठक 22 जून को होगी। भाजपा का ऑपरेशन लोटस छत्तीसगढ़ में सफल नहीं होगा। ओम माथुर को अरुण साव द्वारा बघवा बताए जाने पर मरकाम ने कहा, इससे पहले कई बघवा आए और चले गए।

इससे पहले बस्तर में सम्मेलन के ठीक बाद मंत्री मोहम्मद अकबर के बंगले में एक बैठक रखी गई थी और अब अंबिकापुर में संभागीय सम्मेलन की समाप्ति के बाद रविन्द्र चौबे के बंगले में यह बैठक रखी गई है।बताया जा रहा है कि चुनाव से पहले सत्ता और संगठन के बीच समीकरण बनाने की पूरी कोशिश कुमारी सेलजा कर रही हैं और इसलिए मंत्रियों के बंगले में पॉलिटिकल मीटिंग्स रखी जा रही हैं। इसके अलावा मंत्री रविन्द्र चौबे की तबीयत पिछले कुछ समय से नासाज चल रही है। तीनों नेताओं ने चौबे से उनका हालचाल भी जाना है।

मंत्री अकबर के बंगले में भी हुई थी सियासी चर्चा

3 जून को बस्तर में संभागीय सम्मेलन के तुरंत बाद वन मंत्री मोहम्मद अकबर के बंगले में डिनर पार्टी के साथ एक बैठक रखी गई थी। जिसमें मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश प्रभारी कुमारी सेलजा, विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत, नगरीय प्रशासन मंत्री शिव डहरिया, प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम, सत्यनारायण शर्मा और धनेन्द्र साहू पहुंचे थे।

रायपुर के बैजनाथ पारा इलाके में पान दूकान में भारतीय मानक ब्यूरो की रेड

रायपुर। भारतीय मानक ब्यूरो की टीम ने बुधवार को रायपुर के बैजनाथ पारा इलाके में रेड मारी है। विभाग द्वारा पान दूकान में छापा मारा गया है, कार्रवाई अब भी जारी है, जल्द ही जब्त सामान के आकड़ो का खुलासा किया जायेगा।

मिली जानकारी के अनुसार BIS को सुचना मिली थी कि यहाँ पानी की बोतलों पर आईएसआई मुहर और विभिन्न ब्रांडों के नाम का दुरुपयोग और नकली पानी बोतलों की पैकिंग और बिक्री की जा रही थी, जिसपर टीम ने डॉ राजेश त्रिवेदी के हॉस्पिटल के बगल वाली गली में स्थित मुन्ना पान दुकान में रेड मारी है। जहाँ डुप्लीकेट पानी पैकिंग की जा रही थी और पानी बोतल में फर्जी आई एस आई मार्क लगाकर बेचा जा रहा था। भारतीय मानक संस्थान की टीम ने वहां दबीश देकर जब्ती के साथ सीलबंदी की कार्रवाई की है।

बरामद की नकली पानी की बोतलें

बहुत तबाही मचा सकता है बिपरजॉय चक्रवाती तूफान, बिपरजॉय के कहर से निपटने की चुनौती

अरब सागर में उठे इस साल के पहले प्री-मानसून चक्रवाती तूफान बिपरजॉय का डर देश के कई राज्यों में बना हुआ है और इसीलिए समुद्र तट वाले जिलों को हाई अलर्ट घोषित करते हुए वहां एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और सेना मोर्चा संभाल चुके हैं। हालांकि सरकार का कहना है कि उसका उद्देश्य 'जीरो कैजुअल्टी' सुनिश्चित करना और इस चक्रवाती तूफान से होने वाले संभावित नुकसान को न्यूनतम करना है लेकिन माना जा रहा है कि यह तूफान कई इलाकों काफी तबाही मचा सकता है। मंगलवार को यह तूफान गंभीर चक्रवात से बेहद गंभीर चक्रवात में बदल गया था।

ईस्ट सेंट्रल अरब सागर की खाड़ी में बना हुआ यह तूफान धीरे-धीरे उत्तर दिशा की ओर बढ़ रहा है और 15 जून की शाम गुजरात के सौराष्ट्र-कच्छ से इसके टकराने की संभावना है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक भारत के कई राज्यों में इस तूफान के कारण तेज हवाएं चलने के साथ बारिश हो सकती हैं। इस दौरान अधिकतम 150 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार तक हवाएं चलने के आसार हैं। इसी कारण गुजरात में इस तूफान को लेकर हाई अलर्ट जारी किया गया है। आशंका है कि यह तूफान अति प्रचंड रूप ले सकता है, जिसका अलर्ट मौसम विभाग लगातार दे रहा है। आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा के मुताबिक बिपरजॉय से काफी ज्यादा नुकसान हो सकता है, गुजरात में कच्छ, देवभूमि द्वारका, जामनगर जिलों में तो 15 जून तक 20 सेंटीमीटर से भी ज्यादा बारिश हो सकती है। आमतौर पर इस समय इतनी तेज बारिश नहीं होती है, इसलिए निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा होने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक, बिपरजॉय के कारण इतनी तेज हवाएं चल सकती हैं कि पेड़ गिर सकते हैं, घरों को नुकसान हो सकता है, टीन शेड गिरने के साथ ही तटों को भी नुकसान पहुंच सकता है और कुछ इलाकों में बारिश के साथ बाढ़ आने का खतरा भी हो सकता है। बिपरजॉय के खतरे को देखते हुए 69 ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है, 32 ट्रेनों को शॉर्ट-टर्मिनेट किया गया है जबकि 26 ट्रेनों शॉर्ट-ऑरजिनेट किया जा रहा है।

वैसे भारी तबाही मचाने वाले ऐसे तूफान अपने नामों को लेकर भी चर्चा में रहते हैं। चूंकि यह तूफान बांग्लादेश से उठा है, इसलिए बांग्लादेश ने ही इस तूफान को बिपरजॉय नाम दिया है। बंगाली में 'बिपरजॉय' के नाम का अर्थ है आपदा या विपत्ति।

चक्रवाती तूफान बिपरजॉय अरब सागर में केन्द्रित है और मौसम विज्ञान के महानिदेशक के मुताबिक 15 जून को इससे सर्वाधिक खतरा है, उत्तरी गुजरात में 15 और 16 जून को इसका असर रहेगा। इसलिए प्रभावित स्थानों पर लोगों को घर के अंदर सुरक्षित स्थान पर रहने की सलाह दी गई है क्योंकि इसके आने से पेड़, बिजली के खंभे, सेलफोन टावर उखड़ सकते हैं, जिससे बिजली और दूरसंचार में व्यवधान आ सकता है और इस भीषण तूफान की वजह से खड़ी फसलों को भी नुकसान होगा। मौसम विभाग द्वारा 8 राज्यों लक्षद्वीप, कर्नाटक, गोवा, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, गुजरात, केरल और आंध्र प्रदेश के तटीय इलाकों में इस तूफान के कारण तेज हवाओं के साथ भारी बारिश की चेतावनी दी जा चुकी है। भारत के तटवर्ती राज्य अक्सर ऐसे चक्रवाती तूफानों से प्रभावित होते रहे हैं। इस तरह के चक्रवाती तूफान अपने पीछे केवल बर्बादी छोड़ जाते हैं। इससे पहले आए अम्फान, निसर्ग, निवार जैसे चक्रवाती तूफान भी भारी तबाही मचा चुके हैं।

भीषण तबाही मचाकर गुजर जाने वाले ऐसे तूफानों के बाद भी तूफान प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को लंबे समय तक अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। बहरहाल, बिपरजॉय के कहर से निपटने के लिए की गई तमाम तैयारियों के बाद भी तबाही होनी तो तय है ही, इसलिए जरूरी है कि इसके गुजर जाने के बाद लोगों को भावी मुसीबतों से निजात दिलाने के लिए युद्धस्तर पर कार्य किए जाएं।

वैसे भारी तबाही मचाने वाले ऐसे तूफान अपने नामों को लेकर भी चर्चा में रहते हैं। चूंकि यह तूफान बांग्लादेश से उठा है, इसलिए बांग्लादेश ने ही इस तूफान को बिपरजॉय नाम दिया है। बंगाली में 'बिपरजॉय' के नाम का अर्थ है आपदा या विपत्ति। दरअसल, अरब सागर और बंगाल की खाड़ी में जो भी चक्रवात आते हैं, उनके नाम बारी-बारी से इस इलाके के देश ही रखते हैं। ये सिस्टम पहले से ही तय होता है। हिंद महासागर में आने वाले तूफानों के नामकरण की वर्ष 2004 से यही प्रक्रिया चली आ रही है। इससे पहले ऐसे ही चक्रवाती तूफानों को बुलबुल, लीजा, हुदहुद, कटरीना, निवार जैसे अलग-अलग नाम दिए जा चुके हैं। हिंद महासागर में आने वाले तूफानों को नाम देने के लिए भारत, बांग्लादेश, मालदीव, म्यांमार, ओमान, पाकिस्तान, श्रीलंका और थाईलैंड ने मिलकर एक फार्मूला बनाया था। सभी देशों द्वारा अपने नामों की एक सूची वर्ल्ड मीटियोरोलॉजिकल ऑर्गनाइजेशन को दी हुई है। इस सूची में भारत की ओर से अग्नि, आकाश, बिजली, मेघ, सागर जैसे नाम शामिल हैं जबकि पाकिस्तान की सूची में नीलोफर, तितली और बुलबुल जैसे नाम हैं। नाम देने लायक चक्रवात आने पर उपरोक्त 8 देशों के भेजे नामों में से बारी-बारी से एक नाम चुना जाता है।

भयंकर तूफानों का नामकरण किए जाने के पीछे भी अहम कारण हैं। साइक्लोन या चक्रवात ग्रीक शब्द 'साइक्लोज' से बना है, जिसका अर्थ है, वैसा सांप, जिसने कुंडली मार रखी हो और हमले के लिए तैयार बैठा हो। इसमें कम दबाव के क्षेत्र में हवा अंदर की ओर चक्कर काटती रहती है। कोई भी तूफानी हवा चक्रवात तभी कहलाती है।

योगेश कुमार गोयल

संपादकीय

पाकिस्तान में खतरनाक खेल

पाकिस्तान की सेना संभवत: यह भूल गई है कि जब वहां किसी लोकप्रिय नेता को राजनीति से हटाने की जब कोशिशें हुईं, तो उसके कैसे नतीजे सामने आए। ऐसे कदमों से असंतोष बढ़ा और स्थायी समस्याएं पैदा हुईं। एक बार तो देश का बंटवारा ही हो गया।

अब यह साफ है कि पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को सियासी रूप से नष्ट करने में वहां का 'ऐस्टैबलिशमेंट' (सेना+खुफिया नेतृत्व) फिलहाल सफल हो गया है। इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) में अब गिने-चुने नेता ही बचे हैं। बाकी नेता ऐस्टैबलिशमेंट का दबाव नहीं झेल पाए, जैसा करना पाकिस्तान में कभी आसान नहीं रहा है। जुल्फिकार अली भुट्टो ने 1970 के दशक में ऐसा करने की कोशिश की थी, तो उसकी कीमत उन्हें अपनी जान देकर चुकानी पड़ी थी। अब इमरान खान पर भी एक वकील की हत्या के मामले में मुकदमा दर्ज कराया जा चुका है। कई हलकों में इसे भुट्टो कांड की पुनरावृत्ति के रूप में देखा गया है। बहरहाल, इमरान खान के मामले में पाकिस्तान की सेना उस हद तक जाएगी या नहीं, यह अभी साफ नहीं है। यह स्पष्ट है कि पीटीआई की सियासी हत्या का काम काफी आगे बढ़ चुका है। पिछले दिनों पार्टी से निकले नेता जहांगीर खान तरीन ने अपनी नई पार्टी बना लीहै। इसका नाम इस्तेहकाम-ए-पाकिस्तान (आईपीपी) रखा गया है।

आम राय है कि में यह पार्टी ऐस्टैबलिशमेंट की शह पर और उसके निर्देशन में बनाई गई है। इसका मकसद इमरान खान को राजनीति से अलग-थलग करना और पाकिस्तान में ऐस्टैबलिशमेंट की मन-माफिक विपक्षी पार्टी का गठन है।

जलवायु परिवर्तनः प्रदूषण में दिल्ली से आगे न्यूयॉर्क, खत्म हो रहा विकासशील और विकसित दुनिया के बीच का फर्क

जरा एक गर्म साइबेरिया (रूस और उत्तरी कजाकिस्तान का एक विशाल क्षेत्र - जो यूराल पर्वत से लेकर प्रशांत महासागर तक और उत्तरी ध्रुवीय महासागर से चीन और मंगोलिया की सीमाओं तक फैला हुआ है) की कल्पना कीजिए। ज्यादातर लोगों के लिए, आठ टाइम जोन में फैला यह विशाल, निषिद्ध क्षेत्र सिर्फ एक जगह नहीं है, बल्कि ठंड, दूरी और निर्वासन का एक रूपक है।

हममें से अधिकांश लोग वहां नहीं गए हैं और न ही जाने की संभावना है। इसके बावजूद अपने यहां भीषण गर्मी से तड़पते हुए साइबेरिया की प्रचंड गर्मी के बारे में पढ़ने पर हम बेचैन हो उठते हैं।

दुनिया भर में अत्यधिक तापमान पर नजर रखने वाले जलवायु विज्ञानी मैक्सिमिलियानो हेरेरा के अनुसार, साइबेरिया के जलतुरोवोस्क में विगत तीन जून को तापमान 37.9 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो वहां के इतिहास का सबसे गर्म दिन था। वर्ष 2021 में ब्रिटिश कोलंबिया का एक छोटा-सा गांव लिटन तथा एक और ठंडा देश कनाडा अंतरराष्ट्रीय समाचारों में छा गया, जब वहां 49.6 डिग्री सेल्सियस का उच्च तापमान दर्ज किया गया।

कनाडा के जंगल की आग का धुआं अमेरिका में आने से न्यूयॉर्क शहर की हवा की गुणवत्ता में तेजी से गिरावट आई है और वहां प्रदूषण का स्तर नई दिल्ली को पीछे छोड़ रहा है। यानी विकासशील दुनिया और विकसित दुनिया के बीच का फर्क खत्म हो रहा है।

समशीतोष्ण जलवायु से बेहद परिचित क्षेत्र कनाडा की व्यवस्था के लिए ऐसी गर्मी एक झटका थी, जो ऐसी चिलचिलाती गर्मी के लिए पूरी तरह से तैयार नहीं था। लेकिन वास्तव में जिस चीज ने दुनिया भर के लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया, वह है वायु प्रदूषण के मामले में न्यूयॉर्क का नई दिल्ली से आगे निकल जाना। इसकी कल्पना करना भी असंभव था। लेकिन वास्तव में ऐसा हुआ।

जैसा कि मैंने कहा, कनाडा के जंगल की आग अब भी दुनिया भर के समाचारों में शीर्ष पर है। इसका एक कारण यह है कि यह अब केवल कनाडा की कहानी नहीं है। जंगल की आग का धुआं अमेरिका के कुछ हिस्सों की सीमा को पार कर गया है। नतीजतन, न्यूयॉर्क शहर की हवा की गुणवत्ता में तेजी से गिरावट आई है और यदि संक्षेप में कहें, तो न्यूयॉर्क में प्रदूषण का स्तर नई दिल्ली को पीछे छोड़ रहा है। अमेरिका की वित्तीय राजधानी न्यूयॉर्क के प्रसिद्ध क्षितिज की धुएं के धुंधले पर्दे में छिपी छवियां पूरे सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। खबर है कि कनाडा के जंगल की आग के चलते खराब गुणवत्ता वाली हवा वहां पर स्कूलों को बंद करने का कारण बनी।

अत्यधिक प्रदूषित हवा के बीच रहने और काम करने के अभ्यस्त विकासशील दुनिया के बहुत से लोग इस विडंबना से नहीं बचे हैं। दिल्ली के अनेक निवासी, जो हमेशा सबसे खराब वायु गुणवत्ता वाले शहर में रहने के लिए अभिशप्त हैं, ट्विटर पर न्यूयॉर्क के अपने दोस्तों के साथ सहानुभूति जताते हैं, जो खराब वायु गुणवत्ता के साथ संघर्ष कर रहे थे और उन्हें याद दिलाते हैं कि ग्लोबल साउथ साल भर ऐसी ही परिस्थिति में रहता है। पिछले दिसंबर में चौबीसों घंटे औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 410 को पार कर गया था और दिल्ली में धुंध की घनी परत छा गई थी।

पत्रलेखा चटर्जी

मिला जुला

ईडी की छापेमारी के बाद तमिलनाडु के बिजली मंत्री गिरफ्तार, अस्पताल में भर्ती

चेन्नई. डीएमके नेता और तमिलनाडु के बिजली मंत्री सेंथिल बालाजी के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी के एक दिन बाद बुधवार को उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया. ईडी की कार्रवाई के दौरान सेंथिल बालाजी ने सीने में दर्द की शिकायत की. इसके बाद उन्हें ओमंदुरार के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया. छापा तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में स्थित सेंथिल के घर के अलावा उनके पैतृक निवास करूर में भी मारा गया है. डॉक्टर्स ने सेंथिल बालाजी का मेडिकल बुलेटिन जारी किया है. डॉक्टर्स ने बालाजी का आज सुबह एंजियोग्राम किया था, इसमें उन्होंने तीन ब्लॉक देखे हैं और बाईपास सर्जरी कराने की सलाह दी है.

कलकत्ता हाईकोर्ट ने मांगा ब्यौरा

फर्जी दस्तावेज दिखाकर दो पाकिस्तानी हो गए भारतीय सेना में भर्ती!

भारतीय सेना में कथित तौर पर पाकिस्तानी नागरिकों के भर्ती होने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इसके बाद मामला कलकत्ता हाईकोर्ट तक पहुंच गया है। हाईकोर्ट ने एक याचिकाकर्ता की याचिका पर सुनवाई करते हुए मामले को बेहद गंभीरता से लिया है। साथ ही इस मामले में संबंधित विभागों को नोटिस जारी कर जवाब तलब कर लिया है। याचिकाकर्ता का आरोप है कि सेना की विभिन्न शाखाओं जैसे बीएसएफ, एसएसबी और सीआरपीएफ में एक बड़ा रैकेट काम कर रहा है, जो एसएससी जीडी परीक्षा के जरिये फर्जी दस्तावेजों के सहारे देश के दुश्मनों को भी सेना में भर्ती करवा रहा है।

गुजरात में बिपरजॉय का असर

12 हजार से ज्यादा बिजली के खंभे टूटे

रेड अलर्ट पर पांच जिले

चक्रवाती तूफान बिपरजॉय तूफान लगभग 150 किमी की रफ्तार से 15 जून की शाम सौराष्ट्र एवं कच्छ के तटीय क्षेत्र से टकराएगा। महाराष्ट्र और गुजरात में समुद्र में ऊंची लहरें उठ रही हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, इसके प्रभाव से 14 से 16 जून तक भारी वर्षा हो सकती है।

चक्रवाती तूफान बिपरजॉय अब तटीय इलाकों की ओर बढ़ रहा है। गुजरात और महाराष्ट्र में बिपरजॉय का असर देखा जा रहा है। दोनों राज्यों में समुद्र में ऊंची लहरें उठ रही हैं। मौसम विभाग ने बताया है कि 15 जून को बिपरजॉय का खासा असर देखने को मिलेगा। एहतियात के तौर पर रेलवे ने 95 ट्रेनें रद्द कर दी हैं। पश्चिमी रेलवे का कहना है कि 15 जून तक ये ट्रेनें रद्द रहेंगी। गुजरात से अब तक 37 हजार से ज्यादा लोगों को सुरक्षित जगह पर पहुंचाया जा चुका है।

कहां है चक्रवाती तूफान बिपरजॉय?

मौसम विभाग के ताजा अपडेट के मुताबिक, चक्रवात बिपरजॉय 13 जून को रात साढ़े 11 बजे उत्तर पूर्व अरब सागर के ऊपर अक्षांश 21.7ह और लंबे 66.3E के पास, देवभूमि द्वारका के लगभग 300 किमी wsw में स्थित है.

165 किमी की रफ्तार से बढ़ रहा

भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, बहुत गंभीर चक्रवाती तूफान बिपरजॉय, गुरुवार (15 जून) दोपहर को गुजरात के कच्छ जिले के जखाऊ बंदरगाह के पास पहुंचेगा. जिसकी अधिकतम रफ्तार यानी हवा की गति 150 किलोमीटर प्रति घंटे तक होगी. तट से टकराने के बाद इसकी रफ्तार धीमी हो जाएगी. लाइव ट्रैकर के मुताबिक, फिलहाल चक्रवाती तूफान बिपरजॉय 165 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से बढ़ रहा है.

नाइजीरिया में नाव पलटने से 100 लोगों की मौत, कई लापता

नाइजीरिया में मंगलवार को एक बड़ा हादसा हुआ। देश के उत्तरी इलाके में एक नाव के पलट जाने से करीब 100 लोगों की मौत हो गई। पुलिस टीम की ओर से यह जानकारी दी गई। पुलिस ने बताया कि नाव हादसे में जीवित बचे लोगों की तलाश की जा रही है। क्वारा राज्य के पुलिस प्रवक्ता ओकासनमी अजयायी ने बताया कि नाव नाइजर राज्य के नजदीक नाइजर नदी में सोमवार सुबह पलट गई। माना जा रहा है कि मृतकों की संख्या और ज्यादा बढ़ सकती है। वहीं, अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर के पश्चिमी हिस्से में एरी कनाल में पर्यटकों को ले जा रही नौका पलट गई। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। %लॉकपोर्ट केव टूर्स% की ओर से संचालित नौका पर 29 लोग सवार थे और इसके पलटने से सभी लोग पानी में गिर गए। 300 फुट लंबे इस जलमार्ग में पांच से छह फुट पानी था। कुछ यात्री खुद ही किनारे तक पहुंच गए, जबकि करीब 16 लोगों को बचाव कर्मियों ने निकाला। अधिकारियों ने हादसे में जान गंवाने वाले व्यक्ति की पहचान उजागर नहीं की।

पाकिस्तान में सड़क दुर्घटना में 6 की मौत

पाकिस्तान के सिंध प्रांत के कंधकोट क्षेत्र में ट्रक के दो ऑटो रिक्शा पर गिरने से तीन बच्चों सहित 6 लोगों की मौत हो गई। क्षेत्र के उपायुक्त मनावर अली मिठानी ने बताया कि प्रांत के कशमोर जिले के कंधकोट शहर के साकी मोड़ इलाके में एक ट्रक के दो यात्री रिक्शा पर गिरने से यह घटना हुई। उन्होंने बताया कि पुलिस और बचाव दल ने घटनास्थल पर पहुंचकर भारी मशीनरी से ट्रक को उठाया और कुचल वाहनों से शवों और घायलों को बाहर निकाला गया। अधिकारी ने बताया कि मृतकों में तीन बच्चे और एक महिला एक ही परिवार की हैं। एक प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार, सड़क के एक तीखे मोड़ पर तेज रफ्तार वाहन पर चालक के नियंत्रण खो से ट्रक ऑटो रिक्शा के ऊपर गिर गया।

बाल संरक्षण अधिकारी बर्खास्त

अनाथालाय में बच्चों से मारपीट मामले में कार्रवाई, बाल संरक्षण अधिकारी की सेवा समाप्त

कांकेर। कलेक्टर डॉ प्रियंका शुक्ला द्वारा जिला बाल संरक्षण अधिकारी (संविदा) रीना लारिया की सेवा समाप्त कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि प्रतिज्ञा विकास संस्थान दुर्ग द्वारा जिला मुख्यालय कांकेर में संचालित विशेषीकृत दत्तक ग्रहण अभिकरण संस्था के विरुद्ध बच्चों के साथ यातना एवं दुर्व्यवहार की शिकायत पाये जाने पर संचालनालय, महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त टीम द्वारा 04 जून 2023 को दत्तक ग्रहण अभिकरण का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में संस्था के विरुद्ध प्राप्त शिकायत की पुष्टि हुई है। घटना के संबंध में जांच दल द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन में रीना लारिया के कथन अनुसार विशेषीकृत दत्तक ग्रहण अभिकरण संस्था में बच्चों के साथ हुए दुर्व्यवहार की जानकारी होने की स्वीकारोक्ति है। उसके बावजूद भी कार्रवाई हेतु वरिष्ठतम अधिकारियों को सूचित नहीं करना उसके पदीय दायित्वों को स्पष्ट रूप से परिलक्षित करता है। घटना के संबंध में जारी कारण बताओ नोटिस के जवाब में रीना लारिया द्वारा प्रस्तुत जवाब समाधान कारक नहीं पाया गया एवं उनके द्वारा कर्तव्यों के निर्वहन में घोर लापरवाही बरती गई।

खेल-खेल में हिंदू से मुसलमान, साजिश में शामिल पाकिस्तान! योगी सरकार लेने जा रही बड़ा ऐक्शन

नोएडा. गेमिंग ऐप के जरिए नाबालिगों का धर्म परिवर्तन कराने वाले गिरोह के सरगना शाहनवाज उर्फ बद्दो के दो मोबाइल में पुलिस को पाकिस्तान के 30 फोन नंबर और छह ई-मेल आईडी मिलीं। 10 घंटे की मैराथन पूछताछ के बाद पुलिस ने बद्दो को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस इस पूरे नेटवर्क का पता लगाने में भी जुट गई है। योगी सरकार धर्मांतरण के आरोपी के खिलाफ बड़ा ऐक्शन लेने की तैयारी में है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार बद्दो के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) लगाया जाएगा।

शाहनवाज उर्फ बद्दो को पुलिस ने रविवार को महाराष्ट्र के अलीबाग इलाके से गिरफ्तार किया था। सोमवार रात करीब 12 बजे गाजियाबाद पुलिस बद्दो को लेकर दिल्ली एयरपोर्ट पहुंची, जहां से कड़ी सुरक्षा में उसे गाजियाबाद लाया गया। उसकी स्वास्थ्य जांच कराई गई, जिसमें वो सामान्य मिला। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक बद्दो के पास से दो मोबाइल और कंप्यूटर सीपीयू बरामद हुआ है। बद्दो के एक मोबाइल में 30 पाकिस्तानी नंबर मिले, इसके साथ ही छह पाकिस्तानी ई-मेल आईडी मिली हैं। इन ईमेल आईडी से तमाम मेल बद्दो के पास आए हैं।

गुलाम कश्मीर के छात्र की मार्कशीट मिली

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बद्दो के मोबाइल से मिली एक पाकिस्तानी ई-मेल में गुलाम कश्मीर के दसवीं के छात्र की मार्कशीट मिली, साथ ही लाहौर के ट्रैफिक पुलिसकर्मी का आईकार्ड मिला। पुलिस को अंदेशा है कि बद्दो ने यह सारे दस्तावेज फर्जी पाकिस्तानी पासपोर्ट बनवाने के लिए इकट्ठा किए हैं।

पोषण पुनर्वास केन्द्रों से कुपोषण के कुचक्र से बाहर निकलते बच्चे

6 पोषण पुनर्वास केन्द्रों से 2 हजार से अधिक कुपोषित बच्चे हुए लाभान्वित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

देश व समाज की अमूल्य पूंजी उसका मानव संसाधन होती है, जिससे समाज का विकास परिलक्षित होता है। यहीं दूरगामी सोच राज्य शासन की योजनाओं में भी दिखाई दे रही है। जो बच्चों को शत-प्रतिशत सुपोषित कर स्वस्थ समाज बनाने की संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। शासन द्वारा कुपोषित बच्चों के लिए मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान, पूरक पोषण आहार के साथ ही पोषण पुनर्वास केन्द्र भी संचालित किए जा रहे है। जहां गंभीर कुपोषित बच्चों को रखकर उनका उपचार किया जाता है व उनकी देखरेख होती है।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने बच्चों के कुपोषण मुक्ति को लेकर लगातार विभागीय कामकाज की समीक्षा कर रहे है। स्वास्थ्य व महिला बाल विकास विभाग की बैठकों में कुपोषित बच्चों की देखभाल के लिए पोषण पुनर्वास केन्द्रों के सुचारू संचालन पर उनका विशेष जोर रहता है। पोषण पुनर्वास केन्द्रों में कोई भी बेड खाली ना रहे इसके विशेष निर्देश कलेक्टर सिन्हा ने दे रखे है। उनके पहल पर तमनार में भी पोषण पुनर्वास केन्द्र प्रारंभ हाल ही में शुरू हो गया है।

पोषण पुनर्वास केन्द्रों में चिन्हित गंभीर कुपोषित बच्चों को एक निश्चित दिन तक विशेष निगरानी में उन्हें पोषण आहार उपलब्ध कराया जाता है। जहां 6 माह से 5 साल तक के गंभीर कुपोषित बच्चों को प्राथमिक रूप से 15 दिन तक भर्ती कराकर उन्हें पोषण युक्त आहार देकर डॉक्टरों की टीम की देखरेख में उनका

बच्चों के लिए खेलकूद व मनोरंजन की होती है व्यवस्था, पालकों की होती है काउंसलिंग

इलाज किया जाता है तथा अति गंभीर कुपोषित होने पर बच्चों को 21 दिन तक भी रखा जाता है। इस दौरान भर्ती किये जाने वाले बच्चों का स्पेशल डाइट चार्ट तैयार किया जाता है। जिसमें सही मात्रा में कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, वसा, विटामिन, खनिज तत्व युक्त भोजन आहार विशेषज्ञ द्वारा तैयार किया जाता है। साथ ही यहां उन्हें नि:शुल्क दवाइयाँ भी प्रदान किया जाता है। प्रतिदिन बच्चों का वजन कर उसी के हिसाब से उनको भोजन एवं दवाइयाँ दी जाती है। एनआरसी से बच्चे की छुट्टी होने के बाद बच्चे का प्रत्येक 15 दिन में कुल 4 बार फॉलोअप भी किया जाता है।

2 हजार बच्चों को मिला नया जीवन

जिले में गंभीर कुपोषित बच्चों को बेहतर ढंग से सुपोषित करने के उद्देश्य से जिले के रायगढ़, खरसिया, धरमजयगढ़, तमनार, लैलूंगा, कापू में पोषण पुनर्वास केन्द्र (एनआरसी) का संचालन किया जा रहा है। जिससे जिले के गंभीर कुपोषित बच्चे लाभान्वित हो रहे है। इसके साथ भी आवश्यकतानुसार जिले के अन्य स्थानों में भी पोषण पुनर्वास केन्द्र तैयार करने की योजना बनायी जा रही है। जिसमें अब तक अप्रैल 2023 की स्थिति में 2 हजार 193 गंभीर/अतिगंभीर कुपोषित बच्चों को उपचार के बाद नया जीवन मिला है।

बच्चों के खेलकूद व मनोरंजन का होता है इंतजाम, पालकों की होती है काउंसलिंग

एनआरसी में रसोई एवं शौचालय की सुविधा भी मौजूद है। साथ ही केन्द्रों का माहौल बच्चों के अनुकूल तैयार किया जाता है। बच्चों के मनोरंजन एवं खेलकूद की यहां समुचित व्यवस्था होती है। बच्चे के साथ एनआरसी आने वाली उनकी माता या उनके साथ आने वाले परिजनों को भी दिन में 2 समय भोजन और प्रतिदिन 150 रुपया के हिसाब से 2250 रुपये क्षतिपूर्ति के रूप में प्रोत्साहन राशि प्रदान किया जाता है। कुपोषण को दूर करने में सही जीवन शैली व खानपान का विशेष महत्व होता है। जिसे ध्यान रखते हुए यहाँ प्रतिदिन स्टॉफ नर्स के द्वारा माताओं की काउंसलिंग की जाती है। जिसमें उन्हें बच्चों के देखरेख, टीकाकरण, पोषण और स्वच्छता से संबंधित जानकारी दी जाती है।

एक नजर

मुख्यमंत्री ने अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व केबिनेट मंत्री कुंवर भानू प्रताप सिंह के निधन पर गहरा दु:ख प्रकट किया

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रायगढ़ राजपरिवार के स्वर्गीय महाराजा चक्रधर सिंह के कनिष्ठ सुपुत्र और अविभाजित मध्यप्रदेश में केबिनेट मंत्री रहे कुंवर भानू प्रताप सिंह के निधन पर गहरा दु:ख प्रकट किया है। कुंवर भानू प्रताप सिंह का आज रायपुर के निजी अस्पताल में निधन हो गया। वे 90 वर्ष के थे। मुख्यमंत्री बघेल ने कुंवर भानू प्रताप सिंह के शोक संतप्त परिवारजनों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए उनके परिवारजनों को दु:ख की इस घड़ी को सहन करने की शक्ति प्रदान करने और दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

छत्तीसगढ़ में स्कूल 26 जून से प्रारंभ होंगे

मुख्यमंत्री के निर्देश पर ग्रीष्मकालीन अवकाश की अवधि 16 जून से 25 जून तक बढ़ायी गई

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा प्रदेश में भीषण गर्मी और लू से बच्चों की सुरक्षा के लिए ग्रीष्मकालीन अवकाश बढ़ाने के दिए गए निर्देश के परिपालन में छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा मंत्रालय से आदेश जारी कर दिया गया है। ग्रीष्म कालीन अवकाश की अवधि 16 जून से 25 जून तक बढ़ा दी गई है। स्कूल 26 जून से प्रारंभ होंगे। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि वर्तमान में प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी व लू को दृष्टिगत रखते हुए, राज्य शासन ग्रीष्मकालीन अवकाश की अवधि में 16 जून 2023 से 25 जून 2023 तक वृद्धि करता है। प्रदेश में शालाएं 26 जून 2023 से प्रारंभ होंगी।

कॉलेज ऑफ नर्सिंग कोण्डागांव में विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर विधिक साक्षरता शिविर सम्पन्न

कोण्डागांव । राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के प्लान ऑफ एक्शन के तहत् जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव श्री उत्तरा कुमार कश्यप के मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव श्रीमती अम्बा शाह एवं प्रतिधारक अधिवक्ता श्री सुरेन्द्र कुमार भट्ट के द्वारा कोण्डागांव कॉलेज ऑफ नर्सिंग में 12 जून 2023 को विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित छात्राओं तथा प्रशिक्षकों को बाल श्रम निषेध अधिनियम के संबंध में बाल विवाह, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012, नि:शुल्क विधिक सलाह एवं सहायता, घरेलू हिंसा, शिक्षा का अधिकार के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रबन्ध कार्यालय के पीएल्व्ही सुनील मरकाम, विवेक कश्यप, रविन्द्र बघेल एवं पारेश्वर देवांगन द्वारा भी विधिक जागरूकता एवं सहायता सम्बन्धी जानकारी दी गयी।उक्त शिविर में कोण्डागांव कॉलेज ऑफ नर्सिंग के प्राचार्य, प्रशिक्षक तथा छात्र-छात्राएं और कर्मचारीगण उपस्थित थे।

बेड़मा में दिव्यांगजन पंजीयन शिविर में 118 दिव्यांगजनों को मिला प्रमाण पत्र

बैसाखी-श्रवण यन्त्र सहित अन्य सहायक उपकरण वितरित

कोण्डागांव। जिले के केशकाल ब्लॉक अंतर्गत बेड़मा में गत दिवस आयोजित दिव्यांगजन प्रमाणीकरण शिविर में 173 दिव्यांगजनों का पंजीयन किया गया और इन दिव्यांगजनों का चिकित्सा परीक्षण करने के उपरांत 118 दिव्यांगजनों को दिव्यांग प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस दौरान 19 दिव्यांगजनों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप बैसाखी, श्रवण यन्त्र, छड़ी इत्यादि सहायक उपकरण उपलब्ध कराया गया। वहीं 3 दिव्यांगजनों का आधार कार्ड पंजीयन किया गया। उक्त शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सा दल के चिकित्सकों सहित पैरामेडिकल स्टॉफ ने अपनी महत्ती सेवाएं दी। वहीं युवोदय कोण्डानार चेम्पस के युवाओं के साथ ही योग मित्रों का सराहनीय योगदान रहा। इस दौरान क्षेत्र पंचायत पदाधिकारियों सहित उप संचालक समाज कल्याण श्रीमती ललिता लकड़ा और अन्य मैदानी अधिकारी-कर्मचारी तथा ग्रामीणजन मौजूद रहे।

गुंडाधुर कॉलेज में 16 जून को होगा कैरियर मार्गदर्शन शिविर का आयोजन

कोण्डागांव । जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र कोण्डागांव द्वारा शासकीय गुंडाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोण्डागांव में 16 जून 2023 को प्रात: 9 बजे से एक दिवसीय कैरियर मार्गदर्शन शिविर का आयोजन किया गया है। उक्त कैरियर मार्गदर्शन शिविर में बेरोजगार युवक-युवतियों को विभिन्न रोजगार एवं स्वरोजगार स्थापना संबंधी कैरियर मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी श्री पवन नेताम ने इस बारे में बताया कि उक्त कैरियर मार्गदर्शन शिविर में सैनिक भर्ती कार्यालय रायपुर से मेजर माथुर द्वारा जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को कैरियर संबंधी मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा जिसमें विशेष रुप से थल सेना भर्ती तथा अर्द्ध सैनिक बलों से संबंधित भर्ती प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। जिला रोजगार अधिकारी द्वारा उक्त कैरियर मार्गदर्शन शिविर में जिले के युवाओं से उपस्थित होकर लाभान्वित होने का आग्रह किया गया है।

भूपेश को क्यों बताना पड़ रहा बजरंग बली का साथ-गोमती साय

भूपेश साबित करे आलाकमान की राम पर आस्था है या नही फिर बजरंग बली के साथ होने का दावा करें

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

संकट मिटे हरे सब पीरा जो सुमिरे हनुमत बल बीरा हनुमान चौपाई का उल्लेख करते हुए सांसद गोमती साय ने भूपेश सरकार से पूछा आखिर उन्हें बजरंग बली का साथ क्यों बताना पड़ रहा है। संकट आने पर मनुष्य हनुमान का स्मरण करता है । सांसद गोमती साय ने कहा आगामी चुनाव के दौरान सरकार पर आया संकट देख भूपेश सरकार को बजरंग बली की याद आ रही है। संजीवनी ला रहे बजरंग बली को काल नेमि राक्षस से साधु का वेश धारण कर छलने का प्रयास किया था वही काम भूपेश सरकार कर रही है सरकार आने के बाद एक बार भी भूपेश बघेल ने बजरंग बली का स्मरण नहीं किया लेकिन चुनाव आते ही काल नेमी राक्षस की तर्ज पर वे बजरंग बली के साथ होने का दावा कर रहे है। बजरंग बली हर उस व्यक्ति के साथ है जो उनके पूज्य भगवान राम पर आस्था रखता है। कांग्रेस ने कभी भी राम पर आस्था नहीं रखी। राम मंदिर निर्माण के मामले सहित राम सेतु को काल्पनिक बताए जाने को लेकर कांग्रेस कोर्ट में खिलाफ में खड़ी नजर आई। भाजपा का दशकों पुराना वादा था कि राम मंदिर बनाएंगे कांग्रेस बार-बार पूछती रही कि राम मंदिर कब बनायेंगे लेकिन मंदिर बनाने के लिए कांग्रेस ने कभी कोई प्रयास नहीं किया। भूपेश बजरंग बली के साथ होने का दावा करने के पहले यह साबित करे कि उनकी आलाकमान की राम पर आस्था है या नहीं सांसद गोमती साय ने भूपेश बघेल द्वारा बजरंग बली के साथ होने का दावा किए जाने संबंधी बयान को आस्था का अपमान बताया।

पहले से बेहतर जीत के लिए अल्पसंख्यक विभाग मुस्तैद-शेख साबिर

दुर्ग । जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के सक्रिय कार्यकर्ता युवा समाजसेवी शेख साबिर ने राजीव भवन रायपुर में कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश प्रदेश प्रभारी निजामुद्दीन राइन एवं सह प्रभारी आसिफपाशा के प्रथम आगमन पर प्रदेश अध्यक्ष अमीन मेमन के नेतृत्व मे उनसे मुलाकात कर दिली इस्तकबाल किया एवं अल्पसंख्यक विभाग प्रभारी, सहप्रभारी व प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग अध्यक्ष को खूबसूरत बस्तर आर्ट भेंट कर बस्तर के सौंदर्य, कांग्रेस सरकार द्वारा बस्तर की तस्वीर बदलकर अमन और विकास के बारे में बताते हुए कहा कि पूरे छत्तीसगढ़ के साथ बस्तर में भी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की कांग्रेस सरकार के प्रति जो भरोसा कायम है, वह फिर से पिछली कामयाबी को बरकरार रखने का सबब बनेगा।

शेख साबिर ने आगामी विधनसभा चुनाव के बारे में चर्चा करते हुए अल्पसंख्यक विभाग के प्रभारी, सह प्रभारी को विश्वास दिलाया कि चुनाव में कांग्रेस दुर्ग संभाग की सभी सीटों पर कांग्रेस परचम लहराने को तैयार है। कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग कांग्रेस को पिछली बार से बड़ी जीत दिलाने अपने मुख्यमंत्री, प्रदेश संगठन अध्यक्ष के मार्गदर्शन और विभागीय अध्यक्ष के नेतृत्व में मुस्तैदी से जुटा हुआ है।

कला जत्था दलों के माध्यम से किया जा रहा है शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार

ग्रामीणों को मिल रही है योजनाओं की जानकारी सहित प्रचार सामग्री

कोण्डागांव । जनसंपर्क विभाग द्वारा जिले में कला जत्था दलों के माध्यम से राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा कार्यक्रमों का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। जिसके तहत कला जत्था दलों द्वारा जिले के अंदरूनी ग्रामीण इलाकों के प्रमुख बसाहटों और हाट-बाजारों में नाटक-प्रहसन्न इत्यादि प्रस्तुति के माध्यम से ग्रामीणों को शासन की जनहितकारी योजनाओं तथा कार्यक्रमों के बारे में विस्तारपूर्वक अवगत कराया जा रहा है। जिसके तहत केशकाल ब्लॉक के कोरकोटी, धनोरा, बेलगांव, बड़ेखौली, तोड़ासी एवं इरागांव, बडेराजपुर ब्लाक के कोरगांव, छोटेराजपुर, बडेराजपुर, कोपरा, मांडोकीखरगांव एवं बड़बत्तर में कला जत्था कार्यक्रम प्रस्तुति दी गई। इसी तरह माकड़ी ब्लाक के बागबेड़ा, मगेदा, माकड़ी, देवगांव, हाड़ीगांव एवं रांधना, फरसगांव ब्लॉक के पांडे आठगांव, कुल्हाड़गांव, जुगानीकलार, भंडारसिवनी, लंजोड़ा एवं जैतपुरी और कोण्डागांव ब्लॉक के संबलपुर, बम्हनी, इसलनार, चारगांव, बोरगांव एवं गोलावण्ड में कार्यक्रम प्रस्तुति के माध्यम से राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं नरवा-गरवा, घुरवा एवं बाड़ी, गोधन न्याय योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के साथ ही मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना, मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान, मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजना, वनांचल में वनोपज संग्राहकों को लुघु वनोपज का वाजिब दाम, तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों के लिए शहीद महेन्द्र कर्मा सामाजिक सुरक्षा योजना इत्यादि के बारे में विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया। इस दौरान कला जत्था दलों की प्रस्तुति को ग्रामीणों तन्मयता के साथ देखा और योजनाओं की जानकारी ली। इस मौके पर कला जत्था दलों द्वारा राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित संबल, न्याय का अध्याय, जनमन पत्रिका के साथ ही अन्य प्रचार साहित्य ग्रामीणों को वितरित किया गया।

अन्दकुरी गांडा समाज मंडल मसोरा का बैठक संपन्न

कोंडागाँव । अन्दकुरी गांडा समाज मंडल क्षेत्र मसोरा में नये सदस्य, पदाधिकारियों का परिचय, एवं स्वागत समारोह एवं पिछले पांच साल के कार्यकाल का लेखा-जोखा हेतु बैठक रखा गया था । बैठक में सर्व प्रथम ग्राम के पुजारी सियान के द्वारा बूढ़ा देव को पूजा अर्चना कर सामाजिक विधान के अनुसार प्रत्येक 5 वर्ष में अंदकुरी गांडा समाज द्वारा समस्त पदाधिकारी को बदला जाता है जो समाज के लिए अच्छे कार्य करते हैं । उनको समाज में पुन: उस पद को दिया जाता है ।अन्दकुरी गांडा समाज मंडल मसोरा में 150 घर है । बैठक के दौरान प्रान्त सचिव अनिल कोर्राम, जिला अध्यक्ष कोण्डागांव श्री करन कोर्राम, युवा जिला अध्यक्ष वीरेन्द्र बघेल, मंडल अध्यक्ष श्री पिरतू बघेल, मंडल सचिव राजेश बघेल, ब्लाक प्रतिनिधि लच्छिम कोर्राम, ब्लॉक प्रतिनिधि श्री सुनील बघेल, युवा ब्लाक प्रतिनिधि रामनिवास बघेल, सचिव भूतेश्वर कोर्राम और समस्त ग्राम के अंदकुरी गांड़ा समाज के वरिष्ठ प्रकोष्ठ, महिला प्रकोष्ठ, युवा प्रकोष्ठ के भारी संख्या में उपस्थित रहे।

अलग अलग दो सड़क दुर्घटनाओं में दो व्यक्ति हुये घायल

एक जिला अस्पताल रिफर

फरसगांव। विकास खंड फरसगांव अंतर्गत अलग अलग दो सड़क दुर्घटनाओं में दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गये है एक व्यक्ति को जिला अस्पताल रिफर किया गया । पहली घटना नेशनल हाईवे 30 फरसगांव नगर के बड़ेडोंगर चौक के पास आज 13 जून की रात लगभग 7ः00 बजे रोड किनारे खड़ी ट्रक के पीछे चक्के से टकराकर बाइक सवार युवक ग्राम बहीगांव गुडरीपारा निवासी अनिल कुमार नेताम पिता श्यामलाल नेताम उम्र 26 वर्षीय घायल हो गया, जिसे आसपास उपस्थित लोगों की सहायता से तत्काल उपचार के लिए फरसगांव अस्पताल में भर्ती कराया गया है । युवक के चेहरे व सर में चोट आई हैं । वही दूसरी घटना फरसगांव ब्लाक अंतर्गत बड़ेडोंगर क्षेत्र में ग्राम छिंदली में 13 जून की रात लगभग 8ः00 बजे मोटर साइकल और सायकल की टक्कर हो गई , इस दुर्घटना में सायकल सवार फगुन राम नाग पिता सैतु नाग गंभीर रूप से घायल हो गए । बाइक सवार युवकों ने ठोकर मार दी इस दुर्घटना में फगनु राम के चेहरे में अंदरूनी चोट आई है जिसे उपचार के लिए फरसगांव अस्पताल में भर्ती किया गया लेकिन अंदरूनी चोट होने के चलते घायल को बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रिफर किया गया है ।

बलात्कार के आरोपी को फरसगांव पुलिस ने किया गिरफ्तार

आरोपी ने युवती का फोटो किया था वायरल

फरसगांव । थाना फरसगांव क्षेत्र अंतर्गत एक युवती से साथ जबरदस्ती बलात्कार करने के बाद धमकी देकर फोटो वायरल करने वाले आरोपी को प्रार्थीया की रिपोर्ट पर चंद घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है । थाने से मिली जानकारी के अनुसार 12 जून को थाना फरसगांव क्षेत्र में निवासरत पीड़िता ने थाना में उपस्थित होकर लिखित रिपोर्ट दर्ज कराया कि, आरोपी दिनेश कुमार नेताम निवासी खजरावंड के द्वारा माह दिसंबर 2022 से करीबन 4-5 माह तक कई बार जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाकर बलात्कार किया गया हैं, व धमकी देकर विडियो कॉल के माध्यम से अश्लील फोटो स्कीन शॉट लेकर व्हाट्सअप में वायरल करने के संबंध में रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 48/2023 धारा 323, 506, 376(2)(ढ), 509 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । प्रकरण पंजीबद्ध होने के उपरांत प्रकरण की गंभीरता एवं संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव येदुवल्ली अक्षय कुमार के निर्देशन पर आरोपी दिनेश कुमार नेताम ग्राम खजरावण्ड को तत्काल हिरासत में लेकर थाना फरसगांव लाया गया। आरोपी के विरूद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाये जाने पर आज दिनांक 13 जून को गिरफ्तार कर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कोण्डागांव के समक्ष पेश किया गया है जहां से आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर केन्द्रीय जेल जगदलपुर भेजा गया । इस कार्य में थाना फरसगांव से निरीक्षक भापेन्द्र साहू थाना प्रभारी फरसगांव, उनि नरेन्द्र साहू उनि प्रमोद कतलम, सउनि रूखमणी मण्डावी, आर. भुनेश मरकाम की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

बस्तर की प्रतिभावान खिलाड़ियों का उद्योग मंत्री, सांसद और विधायकों ने किया सम्मान

खेलो इंडिया के तहत आयोजित आदिवासी नेशनल टूर्नामेंट में बस्तर के खिलाड़ी रहे छत्तीसगढ़ टीम का हिस्सा

जगदलपुर। खेलो इंडिया के तहत आयोजित आदिवासी नेशनल टूर्नामेंट में बस्तर की प्रतिभावान खिलाड़ी छत्तीसगढ़ की टीम का हिस्सा रहे, इन खिलाडियों का उद्योग मंत्री कवासी लखमा, सांसद श्री दीपक बैज,संसदीय सचिव श्री रेखचन्द जैन, चित्रकोट विधायक श्री राजमन बेंजाम द्वारा जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नगर निगम सभापति श्रीमती कविता साहू, इंद्रावती बेसिन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री राजीव शर्मा,कलेक्टर श्री विजय दयाराम के., सी ई ओ जिला पंचायत श्री प्रकाश सर्वे सहित अन्य अतिथियों ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किए।

मंत्री श्री लखमा ने खिलाडियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खूब खेलो, अच्छा खेलो, देश-प्रदेश के साथ-साथ क्षेत्र का नाम रोशन करो।

ज्ञात हो कि भारत सरकार द्वारा आयोजित पहली खेलो इंडिया के तहत आदिवासी नेशनल टूर्नामेंट भुनेश्वर उड़ीसा में छत्तीसगढ़ राज्य की फुटबॉल टीम ने स्वर्ण पदक जीता, टीम में बस्तर की 8 बालिका खेल रही थी, फाइनल मैच में बस्तर की मुस्कान, अर्पिता ने गोल मारा।

एथलेटिक्स में 5 हजार मीटर दौड़ में प्रमिला मांडवी रजत पदक प्राप्त किया। खो खो में छत्तीसगढ़ टीम ने कांस्य पदक प्राप्त किया टीम में बस्तर दो खिलाड़ी ममता कश्यप और ममता मांडवी शामिल थे। कबड्डी में छत्तीसगढ़ की टीम ने कांस्य पदक जीता, टीम में बस्तर से एक खिलाड़ी गीता मंडावी शामिल थे। हॉकी प्रशिक्षण केंद्र पंडरीपानी के 5 बालक और 5 बालिका ने राज्य के टीम की ओर से भाग लिया टीम ने क्वार्टर फाइनल तक खेले। इस अवसर पर खेल अधिकारी श्री राजेन्द्र डेकाटे, खेल विभाग के कोच सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

3 सूत्रीय मांगों को लेकर सहकारी समिति के कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने से जिले के किसान हो रहे परेशान, हड़ताल का 14 वां दिन

सहकारी समिति के कर्मचारियों की मांगों को लेकर शासन-प्रशासन मौन

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

छत्तीसगढ़ प्रदेश सहकारी समितियों में कार्यरत प्रबंधक और कर्मचारी 1 जून से सामूहिक अवकाश लेकर हड़ताल पर चले जाने से सहकारी समितियों में कामकाज ठप हो गया है।

शक्ति जिले के अंतर्गत शक्ति, मालखरौदा, जैजैपुर,डभरा, बाराद्वार हसौद,छपोरा,चंद्रपुर के सहकारी समिति के कर्मचारी हड़ताल पर जाने से जिले के हजारों किसान प्रभावित हो रहे है। जिसमें समिति द्वारा केसीसी वितरण, धान-बीज, वर्मी कम्पोस्ट और राशन वितरण जैसे जरूरी कार्य प्रभावित हो रहे है। समिति कर्मचारियों ने बताया कि सहकारी समिति कर्मचारी संघ की ओर से शासन.प्रशासन को पहले भी मांग पत्र सौंपा गया है। लेकिन राज्य सरकार की ओर से इन मांगों पर विचार ही नहीं किया गया। सहकारी कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि शासन-प्रशासन को अल्टीमेटम दिए थे पर कोई पहल ही नहीं हुई। हड़ताल पर जाने के पूर्व हमने काली पट्टी लगाकर विरोध करते हुए एक सप्ताह तक कार्य किया था। उसका भी कोई असर शासन-प्रशासन पर नहीं हुआ उन्होंने बताया कि हमारी प्रमुख मांगों में प्रदेश में वर्तमान में 2058 सहकारी समितियों में कर्मचारी कार्यरत हैं। सभी कर्मचारियों को नियमितीकरण किया जाए इसी प्रकार दूसरी मांग में वेतनमान सरकारी कर्मचारियों की भांति नियमित करते हुए हमें भी वेतनमान दिया जाए इसी प्रकार तीसरी मांग में सीधी भर्ती पर रोक लगाई जाए प्रदेश के जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में सीधी भर्ती पर रोक लगाई जाए प्रदेश के सभी 2058 कर्मचारियों को बैंक के रिक्त पदों पर संविलियन किया जावे। नियमितिकरण, वेतनमान सरकारी कर्मचारी के स्वरूप और बैंक में सीधी भर्ती पर रोक लगाने की मांग, संघ द्वारा लंबे समय से किया जा रहा है। लेकिन सरकार ध्यान नहीं दे रही है। इसलिए हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया गया है। समितियों में तालाबंदी होने से बीज-खाद वितरण, सहित राशन दुकानों में खाद्यान्न को लेकर के किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है,14 जून बुधवार को भरी दोपहर में सुबह 10 से शाम 5 तक डभरा ब्रांच समिति कर्मचारियों द्वारा हड़ताल जारी है जिनमें प्रमुख रूप से डभरा क्षेत्र के अध्यक्ष कोटमी, अध्यक्ष शशि महंत प्रसंप्र टिकेन्द्र तिवारी, हरिश पटेल। धूरकोट से लीलाधर यादव प्र.सं.प्र. भागीरथी पटेल, देवरघटा से उपेन्द्र चन्द्रा, कोमल प्रसाद चन्द्रा प्र.सं.प्र, कमलेश चन्द्रा, बरतुगा से जीवन यादव फरसवानी से जोईधा बरेठ प्रसंप्र मुकेश चन्द्रा, भूपेन्द्र चन्द्रा, सिरियागढ़ से गुरुदत्त भोई प्रसंप्र अजीत साहू, भूपेन्द्र यादव,खुशराम पटेल,छोटे कटेकोनी से नन्दराम बरेठ प्रसे प्र.राहुल बंजारे बड़े कटेकोनी से ऋतुराज गवेल प्र.सं.प्र भास्कर चन्द्रा, कांसा से जयपाल साहू प्र.सं.प्र. लोवेन्द्र बरेठ,डभरा से दिलीप लंजेवार पं.संप्र बद्रिका चन्द्रा, त्रिलोक चन्द्रा,दुबराज जायसवाल,पुटीडीह से छत्रपाल मैत्री प्र.सं.प्र. धनंजय चन्द्रा। जवाली से बैजनाथ साहू,प्र. सं.प्र. सकराली से किशन साहू प्रसंप्र

सिंघितराई से दूजराम भारद्वाज प्रसंप्रकोमल चन्द्रा,कुसमुल से टोनसर चन्द्रा, ब्रजेश बरेठ,कवली से दिलीप कुमार चेलक प्रसंप्र, एकिरारी से रूपनारायण साहू, मुकेश कुमार,रेडा से सुरेश कुमार पटेल प्रपंप्र दामोदर पटेल अनिश्चितकालीन हड़ताल पर कलेक्टर कार्यालय के सामने बैठे हैं। वही संघ द्वारा निर्णय लिया गया है कि सोमवार को जैजैपुर बाराद्वार बिर्रा एब्रांच के कर्मचारी हड़ताल पर रहेंगे इसी प्रकार मंगलवार को शक्ति ब्रांच के कर्मचारी हड़ताल पर रहेंगे इसी प्रकार बुधवार को डभरा ब्रांच के कर्मचारी हड़ताल पर रहेंगे इसी प्रकार गुरुवार को मालखरोदा, छपोरा, अड़भार के कर्मचारी हड़ताल पर इसी प्रकार शुक्रवार को चंद्रपुर हसौद के कर्मचारी हड़ताल पर रहेंगे। बहरहाल विगत 1 जून से सहकारी समितियों के कर्मचारियों के द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने से किसानों को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है खेती किसानी का समय भी अब नजदीक आ रहा है वही कर्मचारियों की मांगों को लेकर शासन पशासन द्वारा अभी तक कोई पहल नहीं की गई है।

एक नजर

कांग्रेस नेता कमल किशोर साहू ने बड़े सीपत में ली कार्यकताओं की बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देश अनुसार हसौद ब्लाक अध्यक्ष के मार्गदर्शन में बंड़े सीपत जोन अध्यक्ष संतोष साहू के नेतृत्व में 11 जून 23 बड़े सीपत जोन के मासिक बैठक सम्पन्न हुई। जोन स्तर पर सदस्य बनाने विषय में चर्चा किया गया जिसमें बूथ अध्यक्ष सेक्टर अध्यक्ष और कांग्रेस कमेरी के लोग उपास्थित रहे। कांग्रेस नेता कमल किशोर साहू, जगत कुर्रे अध्यक्ष जोन,मनीराम साहू, शत्रुघ्न रविकांत, सरिता, लता चन्दा,तारा बाई,बोधराम,भगवती, पुष्पेंद्र कुरे आदि कार्यकर्ताओं उपस्थित थे।

व्यय लेखा की जांच कराने हेतु तिथि निर्धारित

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

बेमेतरा जिले में नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन 2023 के लिए राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा वन संरक्षक कार्ययोजना वनमंडल बिलासपुर रामअवतार दुबे को सामान्य प्रेक्षक एवं संजय कुमार चौधरी उपसंचालक वित्त, वरिष्ठ लेखाधिकारी छग ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण कबीरधाम को व्यय प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। सामान्य प्रेक्षक रामअवतार दुबे ने गत दिवस जनपद पंचायत बेरला एवं बेमेतरा का भ्रमण कर निर्वाचन की तैयारियों का जायजा लिया एवं आवश्यक निर्देश दिए। नगर पालिका बेमेतरा के वार्ड 6 के उप निर्वाचन के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक संजय कुमार चौधरी ने भी पार्षद पद के अभ्यर्थियों की बैठक लेकर व्यय लेखा के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रदान की। अभ्यर्थियों के लिए व्यय लेखा की जांच कराने हेतु 15 जून एवं 23 जून को 11:00 से 01:00 बजे तक की तिथि एवं समय निर्धारित किया गया है। उप निर्वाचन के संबंध में कोई भी शिकायत सामान्य प्रेक्षक के मो.नं 6264162601 एवं व्यय प्रेक्षक के मो.नं. 9300246454 पर की जा सकती है।

कलेक्टर डॉ.सिद्दीकी ने स्वसहायता समूहों के उत्पादों की खरीदी की

कलेक्टोरेट सारंगढ़ में रीपा और बिहान के समूहों द्वारा लगाया स्टॉल

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने कलेक्टोरेट परिसर में जिले के स्वसहायता समूहों और सखी कलस्टर संगठन के द्वारा बिहान और रीपा के तहत बनाए गए उत्पादों का स्टॉल लगाया गया। कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने बेकरी और अन्य उत्पादों की खरीदी कर अधिकारियों-कर्मचारियों को खरीदी कर समूहों के उत्पाद को प्रोत्साहित करने के लिए कहा। इस स्टॉल में कण्डोला का गोबर पेंट, सहजपाली का सरसों का तेल, रोहिना का हल्दी मसाला, आटा, निरमा, आचार, बड़ी, रूई बाती, सेनेटरी पैड, बेकरी के बिस्किट, केक, सिलाई उत्पाद में बैग, पैरदान, फाइल कव्हर कपड़ा, ब्लाउज और फलाईएश से बनी ईंट का प्रदर्शन किया गया था। यह उत्पाद श्रद्धा, सावित्री, संतोषी, भारतमाता, संस्कार, नवदुर्गा स्वसहायता समूह और सखी कलस्टर संगठन के द्वारा बनाई गई है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान, एसडीएम मोनिका वर्मा, डॉ. स्निग्धा तिवारी सहित सीईओ अभिषेक बनर्जी और नीलाराम पटेल सहित जिले के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

कुष्ठ खोज एवं राष्ट्रीय ज्योति नेत्र अभियान गतिविधि का आयोजन आज से प्रारंभ

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

शासन के आदेशानुसार कुष्ठ खोज एवं राष्ट्रीय ज्योति नेत्र अभियान गतिविधि का आयोजन 15 जून 2023 से प्रारंभ किया जा रहा है। सीएमएचओ डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर ने अभियान के गतिविधियों के बारे में अवगत करते हुए बताया कि अभियान 15 जून से 10 जुलाई तक राज्य, जिला एवं विकासखंडो में आयोजित किया जायेगा। इस कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्य रूप से रायगढ़ जिले में सघन कुष्ठ खोज अभियान एवं नेत्र ज्योति अभियान की गतिविधि मितानिन के द्वारा अपने कार्यक्षेत्र में घर-घर भम्रण कर कुष्ठ रोग के आधार पर संभावित संदेहास्पद मरीजों की पहचान करेंगे। डॉ.टी.जी.कुलवेदी ने बताया कि संदेहास्पद कुष्ठ के मरीजों की सूची प्राप्त होने पर पुन: परीक्षण संबंधित क्षेत्र के ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक एवं एनएमए द्वारा किया जायेगा। मितानिन के कार्य की निगरानी मितानिन प्रशिक्षण एवं ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक पुरूष द्वारा की जायेगी। संभावित रोगियों की सूची प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रत्येक गुरूवार को जमा की जायेगी व अगले दिन शुक्रवार कम्प्यूटर पर प्रविष्टि की जाएगी। इस प्रकार अभियान के दौरान घर-घर भम्रण कर चिंहाकिंत कर पंजीकृत किये गये सभी कुष्ठ के संदेहास्पद मरीजों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सूची अनुसार भेजा जायेगा। जहां पर एनएमए द्वारा जांच कर कुष्ठ की पुष्टि कर पुन: मेडिकल ऑफिसर से पुष्टि कराया जाना है।

जिला अस्पताल में हुआ ब्लड डोनेशन डे का आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के दिशा-निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में रायगढ़ के जिला अस्पताल में ब्लड डोनेशन डे का आयोजन आज प्रात: 9 बजे से सायं 5 बजे तक किया गया। जिसमें रक्तदाताओं ने जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में आकर रक्तदान किये। रक्तदान दाताओं द्वारा 7 यूनिट ब्लड प्रदाय किया गया है। जिसमें विशेष रूप से जिला चिकित्सालय के डॉ.अरूण कुमार चिकित्सा अधिकारी ने भी अपना रक्त दान किया। स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि रक्तदान का मुख्य उद्देश्य जिला अस्पताल में आने वाले गर्भवती महिला, बच्चे, वृद्ध व्यक्ति जैसे जरूरतमंद लोगों का जीवन बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि इच्छुक रक्तदाता आगे भी जिला अस्पताल में आकर रक्तदान कर सकते है। रक्तदान करने के लिये रक्तदाता की उम्र 18 से 60 साल के बीच होना चाहिये। जिसका वजन 45 किलोग्राम से अधिक हो तथा शारीरीक रूप से सेहतमंद होना जरूरी है। हिमोग्लोबिन का स्तर 12.5 से.ग्रा. से अधिक होना चाहिए। रक्तदान करने वाले व्यक्ति को ब्लड प्रेशर, कैंसर, एड्स जैसी बीमारी नही होनी चाहिये। एक स्वस्थ व्यक्ति प्रति तीन माह में 1 बार रक्तदान कर सकता है। अधिक जानकारी के लिये मोबा.नं.-7065300053, 6266148125 पर संपर्क कर सकते है।

संकल्प की छात्रा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की बेटी पढ़ेगी एआईआईएमएस दिल्ली में

संकल्प के 7 विद्यार्थियों ने नीट परीक्षा क्वालीफाई की कांसाबेल के आंगनबाड़ी की पुत्री निकिता मिंज ने ऑलइंडिया रैंक 669 प्राप्त कर जिले को किया गौरवान्वित

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



जिला प्रशासन के खनिज न्यास निधि मद से संचालित संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर के 7 छात्र-छात्राओं ने 2023 में आयोजित नीट की परीक्षा क्वालीफाई की है। इनमें छात्रा निकिता मिंज ने आल इंडिया रैंक एसटी कैटेगरी में 669 प्राप्त किया है। विगत वर्ष दिल्ली एडमिशन के प्रथम चक्र के एसटी कैटेगरी का क्लोजिंग रैंक 3087 रहा था। संकल्प शिक्षण संस्थान से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस वर्ष भी शिक्षण संस्थान से 2023 में आयोजित नीट की परीक्षा मे कुल 24 बच्चे बैठे थे। जिसमें संकल्प के 7 विद्यार्थियों ने परीक्षा क्वालीफाई की है। इनमें सचिन बारीक 97-07 परसेंटाइल ओबीसी कैटेगरी, निकिता मिंज एसटी 95.44 परसेंटाइल, तरुण देवांगन ओबीसी 93.73 परसेंटाइल, देव कुमार देवांगन ओबीसी 89.23 परसेंटाइल, निखिल साव ओबीसी 83.36 परसेंटाइल, राकेश ज्वाला एससी 78.14 परसेंटाइल तथा नीलम रत्नाकर एससी 44.72 परसेंटाइल प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर नीट की परीक्षा क्वालीफाई करते हुए जिले का नाम रोशन किया है। अपिव के 04, अनुसूचित जनजाति के 01 एवं अनुसूचित जाति के 02 बच्चों ने सफलता प्राप्त की है। ये सभी बच्चे 2023 में आयोजित नीट की परीक्षा में शामिल हुए थे। इस वर्ष नीट क्वालीफाई करने के लिए कटऑफहै सामान्य वर्ग के लिए 45 परसेंटाइल तथा ओबीसी, एसटी और एससी वर्ग के लिए 40 परसेंटाइल। संकल्प के विद्यार्थियों की इस सफलता पर कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत संबंधित मिश्रा, प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र सिंन्हा, संकल्प के प्राचार्य विनोद कुमार गुप्ता, यशस्वी जशपुर के संजीव शर्मा, अवनीश पाण्डेय, शिक्षक शिवशंकर यादव, अभिषेक आनंद, मुकेश वर्मा, अश्विनी सिंह, ज्योति श्रीवास्तव, दिलीप सिंह, ममता सिन्हा, मनीषा भगत, मधु वाजपेयी, राजेन्द्र प्रेमी,प्रभात मिश्रा, ताराचन्द कश्यप, दीपक कुमार ग्वाला, शांति कुजूर, दीपक महतो, दिलीप राम और प्रदीप नायक ने बधाई दी है।

कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने जिले के विकास कार्यों की समीक्षा की

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक में जिले के विकास कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी के घोषणाओं पर संबंधित विभाग अपने कार्यों को संचालनालय स्तर से समन्वय बनाकर पूरा करें। इसमें विभिन्न समाजों के द्वारा भवन निर्माण के साथ-साथ सरसींवा और पवनी को नगर पंचायत बनाने तथा सरसींवा को तहसील बनाने की घोषणा शामिल है। डॉ. सिद्दीकी ने इस संबंध में नगरीय निकाय, राजस्व और निर्माण एजेंसी लोक निर्माण और ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के अधिकारियों को निर्देश दिए। आंगनबाड़ी से लेकर स्कूली बच्चों के जाति प्रमाण पत्र के प्रगति के संबंध में महिला एवं बाल विकास, राजस्व और स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। डॉ. सिद्दीकी ने बैठक में अधिकारियों को कहा कि प्रत्येक अधिकारी अपने विभाग से संबंधित राज्य शासन के योजनाओं के क्रियान्वयन पर हितग्राही से जुड़े भुगतान शीघ्र करें। इनमें मनरेगा, बेरोजगारी भत्ता योजना, राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, वृद्धा और दिव्यांग पेंशन आदि शामिल है। भविष्य में इन भुगतानों की समीक्षा होगी। डॉ. सिद्दीकी ने अधिकारियों को कहा कि जिले में निर्माणाधीन भवनों, स्कूलों आदि का कार्य इस माह तक में पूरा कराएं। कलेक्टर ने गोबर खरीदी, गौठान, पोषण अभियान, मितान योजना आदि के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली। इस अवसर पर अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, संयुक्त कलेक्टर प्रकाश कुमार भारद्वाज, नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान, एसडीएम मोनिका वर्मा, डॉ.स्निग्धा तिवारी, डिप्टी कलेक्टर टीआर महेश्वरी सहित जिले के विभिन्न विभागों के प्रभारी अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने लिया महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मिनी कार्यकर्ता के पदों की भर्ती प्रक्रिया समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बाल विवाह नियंत्रण के लिए जागरूकता हेतु प्रचार प्रसार करने निर्देशित किया

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आज महिला व बाल विकास विभाग की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मिनी कार्यकर्ता के पदों पर भर्ती प्रक्रिया की परियोजनावार जानकारी ली। उन्होंने भर्ती प्रक्रिया समय अवधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए तथा भर्ती प्रक्रिया पूर्ण नहीं होने के कारण बताने कहा। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला व बाल विकास विभाग अरुण पाण्डेय, सीडीपीओ और सुपरवाईजर्स शामिल हुए। कलेक्टर ने जिले में बाल विवाह नियंत्रण की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को पूरी जवाबदेही के साथ कार्य योजना बनाकर बाल विवाह नियंत्रण के लिए जागरूकता अभियान चलाने कहा जिससे समाज के लोग जागरूक हो सके और बाल विवाह नियंत्रण हो सके। उन्होंने परियोजनावार आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने पानी व्यवस्था, शौचालय व्यवस्था, विद्युतीकरण, एवं साफ-सफाई व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा जिन आंगनबाड़ी केंद्रों में बिजली पहुंचना संभव नहीं है ऐसे आंगनबाड़ी केंद्रों की सूची उपलब्ध कराने कहा जिससे सोलर लाइट की व्यवस्था किया जा सके। उन्होंने जो आंगनबाड़ी केंद्र जीर्ण ए शीर्ण हो गए उन्हें मरम्मत करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर डॉ. मित्तल ने जिले के सभी ब्लॉक में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र को नियमित समय पर खोलने तथा गुणवत्तापूर्ण भोजन व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आंगनबाड़ी में बच्चों को गर्म भोजन के साथ अतिरिक्त पोषण आहार में अंडा, रेडी टू इट दिए जा रहे हैं।जशपुर जिले में कुपोषण को हटाना है उन्होंने कहा कि बच्चों के परिजनों को भी पोषण युक्त आहार की जानकारी दें और उसका पालन करने प्रेरित करें। साथ ही साथ सुपोषण अभियान के तहत सुपोषण चौपाल आयोजित करने के लिए कहा, ताकि आमजनों तक सीधी जानकारी पहुंचाई जा सके। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों में सुपोषण चौपाल का आयोजन किया जाए, जिससे गांव के लोगों से परिचय सके और वे खान-पान के प्रति जागरूक हो सके। कलेक्टर ने सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुपरवाईजर को चिरायु टीम के माध्यम से अधिक से अधिक बच्चों को लाभ दिये जाने के लिए रजिस्ट्रेशन कराते हुए चिन्हांकित बच्चों का एनआरसी के माध्यम से लाभ देने के लिए कहा है। उन्होंने बच्चों के स्किन डिसीज, दंत रोग, कान इंफेक्शन सहित अन्य रोग के संबंध में चिरायु टीम को जानकारी देने कहा है जिससे उसका उपचार किया जा सके। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री बाल संदर्भ योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना सहित विभाग द्वारा संचालित अन्य योजनाओं की जानकारी ली तथा योजना का लाभ अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को देने के निर्देश दिए हैं।

आदिपुरुष के लिए रणबीर कपूर ने बढ़ाया शानदार कदम

वंचित बच्चों के लिए बुक करेंगे 10,000 टिकट

प्रभास की आदिपुरुष रिलीज के काफी करीब है। अब खबर है कि अभिनेता रणबीर कपूर ने रामायण आधारित इस फिल्म को अपना समर्थन देने के लिए एक शानदार कदम बढ़ाया है। दरअसल, रणबीर आदिपुरुष के 10,000 टिकट वंचित बच्चों के लिए बुक करने वाले हैं। अभिनेता को उम्मीद है कि आज की पीढ़ी के बच्चे श्रीराम की कहानी से कुछ नया सीखें। भूषण कुमार द्वारा निर्मित और ओम राउत द्वारा निर्देशित आदिपुरुष 16 जून को रिलीज होगी।

ऑफ शोल्डर गाउन में रकुल प्रीत का दिखा खूबसूरत अंदाज

हॉट लुक्स ने इंटरनेट पर मचाया हंगामा

बॉलीवुड एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह हमेशा अपने बोल्ड और ग्लैमरस लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट में रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो फैंस उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थकते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट कर के फैंस के बीच धमाल मचा दिया है। बी-टाउन की जानी-मानी एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह इन दिनों अपने अपने स्टाइलिश लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर जमकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हैं। हाल ही में रकुल प्रीत सिंह ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस की हॉटनेस देखकर यूजर्स का दिल तेजी से धड़कने लगा है। रकुल प्रीत सिंह ने अपनी इन तस्वीरों में व्हाइट कलर का ऑफ शोल्डर गाउन पहना हुआ है। एक्ट्रेस अपनी इन तस्वीरों में किलर लुक्स में पोज देती हुई नजर आ रही हैं। उनकी ये हॉट अदाएं देख लोग उनके हुस्न के कायल हो गए हैं। कानों में सिल्वर इयररिंग्स, बालों को खुले छोड़कर और ग्लैम मेकअप कर के एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। बताते चले कि एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह ने साल 2009 से एक्टिंग की दुनिया में फिल्म गिल्ली से डेब्यू किया था।

वजन घटाते ही लगी वामिका गब्बी की लॉटरी

अभिनेत्री वामिका गब्बी कहती हैं, मेरे लिए वजन बढ़ाना बहुत आसान था। जब मैं पंजाब से पंजाबी फिल्मों की शूटिंग करके मुंबई आई, तो उस समय मेरा वजन बहुत कम था। जुबली की कहानी 40 और 50 के दशक की थी, तो मुझे उस हिसाब से अपना वजन बढ़ाना पड़ा। लेकिन जब वजन कम करने की बारी आई तो मेरे लिए बहुत चुनौती थी क्योंकि मैं भूखे नहीं रह सकती थी।

जैसा कि आमतौर पर लोग वजन कम करने के लिए सब कुछ खाना छोड़ देते हैं। यह मेरे लिए थोड़ा मुश्किल था, पर मुझे इतनी अच्छी फिटनेस की टीम मिल गई कि खाने पीने पर ज्यादा पाबंदी नहीं थी। जो मन में आता था सब खाती पीती थी। इन दिनों अभिनेत्री वामिका गब्बी, विशाल भारद्वाज के निर्देशन में बन रही वेब सीरीज चार्ली चोपड़ा एंड मिस्ट्री ऑफ सोलांग वैली में काम कर रही हैं। इस सीरीज के एक शेड्यूल की शूटिंग मनाली में हो चुकी है और इन दिनों इस सीरीज की शूटिंग मुंबई में चल रही है। विशाल भारद्वाज के साथ काम करके उत्साहित वामिका गब्बी कहती हैं, विशाल सर के साथ यह मेरा चौथा प्रोजेक्ट है।

इससे पहले मैं उनके साथ फिल्म खुफिया में काम कर चुकी हूं जो नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। इस फिल्म में तब्बू के साथ काम करने का बहुत ही शानदार अनुभव रहा है। मैंने विशाल भारद्वाज सर के साथ एक और सीरीज मॉर्डन लव मुंबई में काम किया था, इस सीरीज के एक कहानी मुंबई ड्रैगन का निर्देशन विशाल सर ने किया था। यह सीरीज अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई थी। इसके अलावा विशाल सर के साथ एक 30 मिनट की शार्ट फिल्म फुरसत की थी, जो एप्पल टीवी पर रिलीज हुई थी। विशाल सर के साथ काम करने का हमेशा से ही शानदार अनुभव रहा है।

फिल्म गदर 2 का टीजर जारी, पाकिस्तान के दामाद तारा सिंह ने फिर सरहद की पार

सनी देओल और अमीषा पटेल अभिनीत आगामी फिल्म गदर 2 का टीजर सोमवार को जारी किया गया। टीजर में सनी अपने तारा सिंह के किरदार में एक्शन करते नजर आ रहे हैं। टीजर 1971 की घटनाओं के साथ शुरू होता है। शुरुआत में एक महिला की आवाज आती है कि दामाद है वो पाकिस्तान का, उसे नारियल दो, टीका लगाओ, वर्ना इस बार दहेज में लाहौर ले जाएगा। गदर 2 का टीजर इशारा करता है कि कहानी वहीं से शुरू होती है जहां से गदरः एक प्रेम कथा खत्म हुई थी। सनी देओल ने कहा, गदर 2 अपने पहले पार्ट की कहानी को आगे बढ़ा रही है। भारत की सबसे पसंदीदा पारिवारिक फिल्मों में से एक को वापस लाने में सक्षम होना एक आशीर्वाद है। फिल्म हमेशा प्यार, साहस और देशभक्ति की एक प्रेरक कहानी होगी। आशा है कि दुनिया तारा और सकीना का फिर से खुले दिल से स्वागत करेगी। फिल्म में भारत के विभाजन और लोगों के जीवन पर इसके प्रभाव का चित्रण दर्शकों के साथ जुड़ा हुआ है। तारा और सकीना की देशभक्ति, प्रेम और बलिदान की कहानी ने 2001 में कई रिकॉर्ड तोड़ दिए और अब निर्माता फिल्म के दूसरे पार्ट के साथ दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए, तैयार हैं। अमीषा पटेल ने कहा, गदरः एक प्रेम कथा मेरे जन्मदिन पर फिर से रिलीज हुई और मेरे लिए सबसे बड़ा तोहफा है। हमने महसूस किया कि फिल्म दर्शकों के दिलों में कितनी मजबूती से बस गई है।

जरा हटके जरा बचके ने पार किया 50 करोड़ रुपये का आंकड़ा

2 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई विक्की कौशल और सारा अली खान की फिल्म जरा हटके जरा बचके को बेशक समीक्षकों द्वारा कुछ खास प्रतिक्रियाएं नहीं मिली हैं, लेकिन इसके बावजूद फिल्म टिकट खिड़की पर शानदार कारोबार कर रही है। फिल्म को दर्शकों द्वारा भरपूर प्यार मिल रहा है, जिसके चलते अपनी रिलीज के 10वें दिन जरा हटके जरा बचके ने 50 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा पार कर लिया है। रिपोर्ट के अनुसार, जरा हटके जरा बचके ने रिलीज के 10वें दिन 6.75 करोड़ रुपये का कारोबार किया है और अब इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 53.28 करोड़ रुपये हो गया है। जरा हटके जरा बचके का निर्देशन लक्ष्मण उतेकर ने किया है। इसमें विक्की और सारा के अलावा शारिब हाशमी, सुष्मिता बनर्जी, नीरज सूद और इनामुलहक भी अहम भूमिकाओं में हैं।

काजोल की द ट्रायल का ट्रेलर जारी, रिलीज तारीख से भी उठा पर्दा

बॉलीवुड अभिनेत्री काजोल को पिछली बार सलाम वेंकी में देखा गया था। यह फिल्म जी5 पर उपलब्ध है। अब काजोल ओटीटी की दुनिया में कदम रखने के लिए तैयार हैं। उन्होंने शनिवार को अपनी पहली वेब सीरीज द ट्रायलः प्यार कानून धोखा का ऐलान किया था। सोमवार को निर्माताओं ने द ट्रायल का शानदार ट्रेलर जारी कर दिया है। इसमें वह तेजतर्रार वकील, मां और पत्नी नयनिका सेनगुप्ता की भूमिका निभाती हुई नजर आने वाली हैं। काजोल की द ट्रायल डिज्नी+ हॉटस्टार पर आएगी। निर्माताओं ने इसकी रिलीज तारीख से भी पर्दा उठा दिया है। यह सीरीज 14 जुलाई को रिलीज होगी। काजोल ने अपने आधिकारिक ट्विटर पर द ट्रायल का ट्रेलर साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, ट्रायल सिर्फ कोर्ट रूम में नहीं, जिंदगी में भी होते हैं। नोयोनिका सेन गुप्ता का सामना देखें। उसके जीवन की सबसे कठिन परीक्षा। द ट्रायल अमेरिकी टीवी वेब सीरीज द गुड वाइफ का हिंदी रीमेक है। हाल ही में एक्ट्रेस की इस दमदार सीरीज का ट्रेलर लॉन्च किया है। ये एक कोर्ट रूम ड्रामा सीरीज है.जिसमें काजोल एक तेजतर्रार वकील, मां और पत्नी नयनिका सेनगुप्ता की भूमिका निभाने वाली हैं। जो अपनी लाइफ की परेशानियों से जूझती हुई नजर आने वाली हैं। इस ट्रेलर को डिज्नी प्लस हॉटस्टार के इंस्टाग्राम पेज पर शेयर किया गया है। जिसके कैप्शन में लिखा गया है- 'परीक्षा जितनी कठिन होगी, वापसी उतनी ही कठिन होगी।

खेल

3 साल बाद देवधर ट्रॉफी की वापसी जुलाई में पुडुचेरी में मुकाबले

मुंबई। इंडियन प्रीमियर लीग के खत्म होते ही भारतीय डोमेस्टिक क्रिकेट की वापसी हो गई है। क्रिकेट वेबसाइट क्रिकबज के मुताबिक 28 जून को दलीप ट्रॉफी के बाद 24 जुलाई से देवधर ट्रॉफी के मुकाबले खेले जाएंगे। इस साल के मुकाबले पुडुचेरी खेले जाएंगे। 50 ओवर वनडे टूर्नामेंट की वापसी तीन साल बाद हो रही है। आखिरी बार देवधर ट्रॉफी 2019 में खेली गई थी।

3 टीमों के बीच खेला जाता है टूर्नामेंट

देवधर ट्रॉफी भारत का लिस्ट-ए टूर्नामेंट है। यह टूर्नामेंट 3 नेशनल लेवल की टीम इंडिया A, इंडिया B और इंडिया C के बीच खेला जाता है। तीनों टीमें एक दूसरे के खिलाफ 2-2 बार खेलती है। टॉप 2 टीमों के बीच फाइनल होता है। 2019-20 सीजन के फाइनल में इंडिया B ने इंडिया C को 51 रन से हरा कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया था। पहले यह टूर्नामेंट जोन के बीच खेला जाता था। इसके बाद 2015 से 2018 के बीच टूर्नामेंट इंडिया A, इंडिया B और विजय हजारे ट्रॉफी के विजेता के बीच खेला जाता था। 2018 के बाद से यह टूर्नामेंट इंडिया A, इंडिया B और इंडिया स के बीच खेला जाने लगा।

28 जून से दलीप ट्रॉफी, फिर लगातार टूर्नामेंट

भारतीय क्रिकेट के 2023-24 घरेलू सत्र की शुरुआत दलीप ट्रॉफी टूर्नामेंट के साथ होगी, जो 28 जून से खेला जाएगा। जबकि प्रमुख रणजी ट्रॉफी का आयोजन अगले साल 5 जनवरी से होगा। दलीप ट्रॉफी 6 जोनल टीमों के बीच खेली जाएगी। उसके बाद ईरानी कप 1 से 5 अक्टूबर, सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 16 अक्टूबर से 6 नवंबर और विजय हजारे ट्रॉफी 23 नवंबर से 15 दिसंबर तक खेली जाएगी।

सीनियर विमेंस डोमेस्टिक सीजन की शुरुआत 19 अक्टूबर से

सीनियर महिला सीजन की शुरुआत नेशनल टी-20 चैंपियनशिप के साथ होगी। यह 19 अक्टूबर से 9 नवंबर के बीच खेली जाएगी। इसके बाद इंटर जोनल टी-20 ट्रॉफी 24 नवंबर से 4 दिसंबर तक खेली जाएगी। इसके बाद सीनियर महिला वनडे ट्रॉफी 4 से 26 जनवरी के बीच आयोजित होगी। सीनियर महिला टी-20 ट्रॉफी और वनडे ट्रॉफी में पांच ग्रुप होंगे। इसके दो में आठ-आठ टीमें और तीन ग्रुप में सात-सात टीमें होंगी।

एक नजर

अहमदाबाद में 15 अक्तूबर को भिड़ेंगे भारत-पाक

नईदिल्ली । अक्तूबर में होने वाले वनडे विश्व कप में चिर प्रतिद्वंद्वी भारत और पाकिस्तान की टीमों का मुकाबला 15 अक्तूबर को अहमदाबाद में होगा। हालांकि, भारतीय टीम अपने अभियान का आगाज 8 अक्तूबर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चेन्नई में करेगी। इसके एक सप्ताह बाद पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबला होगा। बीसीसीआई के कार्यक्रम के ड्राफ्ट में यह जानकारी दी गई। विश्व कप के अंतिम कार्यक्रम की घोषणा अगले सप्ताह की जायेगी। ईएसपीएन क्रिकइन्फो ने सोमवार को लिखा कि ड्राफ्ट के अनुसार, टूर्नामेंट 5 अक्तूबर को शुरू होगा, जिसमें मौजूदा चैंपियन इंग्लैंड का सामना पिछले उपविजेता न्यूजीलैंड से अहमदाबाद में होगा। फाइनल 19 नवंबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर खेला जायेगा। सेमीफाइनल 15 और 16 नवंबर को होंगे, जिनका वेन्यू अभी तय नहीं है। मेजबान भारत अपने लीग मैच 9 शहरों में खेलेगा, जिनमें कोलकाता, मुंबई, दिल्ली और बेंगलुरु शामिल हैं।

आईसीसी ने शुभमन गिल पर लगाया जुर्माना

डब्ल्यूटीसी फाइनल 2023

नईदिल्ली । भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेली गए वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने जीत दर्ज कर खिताब को अपने नाम कर लिया। लेकिन इस मैच में दोनों ही टीमों से एक बड़ी चूक हो गई, जिसके कारण उन पर आईसीसी ने कार्रवाई करते हुए जुर्माना भी लगाया। इसके अलावा आईसीसी ने भारत के स्टार खिलाड़ी शुभमन गिल पर भी जुर्माना लगाया है। दोनों टीमों पर आईसीसी ने स्लो ओवर रेट बनाए रखने के लिए जुर्माना लगाया है। भारतीय टीम पहले दिन 85 ओवर ही फेंक सकी। वहीं, ऑस्ट्रेलिया की टीम ने भी एक दिन में 86 ओवर ही किए। इस तरह भारत को 5 ओवर तय समय से देरी से फेंकने के लिए 100 फीसदी मैच फीस का जुर्माना और ऑस्ट्रेलिया पर 4 ओवर देर से करने के लिए 80 फीसदी मैच फीस का जुर्माना भरना पड़ा। वहीं भारतीय टीम के युवा खिलाड़ी शुभमन गिल पर आईसीसी ने मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया है। गिल ने अपने विकेट पर कैमरन ग्रीन द्वारा लिए गए कैच पर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया था।

न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर माइकल ब्रेसवेल वर्ल्ड कप से बाहर

इस साल होने वाले वनडे वर्ल्ड कप से पहले न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर माइकल ब्रेसवेल चोटिल होकर बाहर हो गए हैं। उन्हें इंग्लैंड के घरेलू टी-20 लीग में खेलने के दौरान दाहिने पैर की एड़ी में चोट लग गई थी। वे वोर्सेस्टरशर रैपिड्स टीम से खेल रहे थे। ब्रेसवेल की इंजरी की गुरुवार को इंग्लैंड में सर्जरी होनी है। उनके ठीक होने में 6-7 महीने लग सकते हैं।

केन विलियमसन भी हो गए हैं चोटिल

न्यूजीलैंड टीम के कप्तान केन विलियमसन पहले ही IPL में गुजरात टाइटंस की ओर से खेलते हुए चोटिल हो गए थे। उम्मीद की जा रही है कि वह वर्ल्ड कप तक ठीक हो जांएगे। वनडे वर्ल्ड कप अक्टूबर-नवंबर में भारत में होना है। न्यूजीलैंड वर्ल्ड कप में अपने अभियान की शुरुआत इंग्लैंड के खिलाफ अहमदाबाद में कर सकता है। हालांकि, इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की ओर से अभी आधिकारिक शेड्यूल जारी नहीं किया गया है।

ब्रेसवेल वर्ल्ड कप से बाहर होने पर हैं दुखी

न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि ब्रेसवेल अपनी इंजरी को सर्जरी इंग्लैंड में गुरवार को कराएंगे। उनके ठीक होने में 6-7 महीने लग सकते हैं। ऐसे में वनडे वर्ल्ड कप खेलना संभव नहीं है।

एशेज सीरीज 16 जून से

वर्ल्ड चैम्पियन ऑस्ट्रेलिया के सामने 46 दिन की जंग; WTC से तैयारी बेहतर हुई

लंदन। ऑस्ट्रेलिया वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियन बन गया है। कई टीमों के लिए चैम्पियन बनना अंतिम पड़ाव होता, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के लिए नहीं। टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल कंगारू टीम के लिए लंबे इंग्लिश समर की शुरुआत है। अब 46 दिन लंबी जंग में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया एशेज के लिए भिड़ेंगे। इंग्लैंड के लिए रवाना होने से पहले ऑस्ट्रेलिया के सामने कई सवाल थे। इनमें से कुछ का जवाब उन्हें फाइनल के जरिए मिल गया। मसलन स्मिथ ने फॉर्म हासिल कर ली। फाइनल के शतकवीर ट्रेविस हेड पिछली बार की तरह इस बार भी रनों का अंबार लगाने के लिए तैयार दिख रहे हैं। स्कॉट बोलैंड के रूप में टीम को तीसरा पेसर मिल गया। दूसरी ओर, इंग्लैंड बैजबॉल तकनीक के साथ पूरी तरह तैयार है। वही बैजबॉल, जिसकी मदद से इंग्लैंड ने पिछले 12 में से 10 टेस्ट जीते। मैकुलम के कोच व स्टोक्स के कप्तान बनने के बाद इंग्लैंड ने इसे अपनाया और उनका गेम पूरी तरह से बदल गया। ऑस्ट्रेलिया के लगातार चौथी एशेज टाइटल जीतने में बैजबॉल बड़ी बाधा बन सकती है। हेजलवुड के अनफिट होने का फायदा बोलैंड को मिला। फाइनल में उन्होंने कोहली और जडेजा को 3 गेंद के अंदर आउट कर मैच का रुख पलट दिया। हेजलवुड के फिट होने के बाद कप्तान कमिंस के सामने तीसरे बॉलर के रूप में बोलैंड व हेजलवुड के बीच में एक को लेने की चुनौती होगी।

जिला स्तरीय स्वीप कोर कमेटी की बैठक हुई संपन्न

मतदाता जागरूकता हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार करने के दिए गए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर संजीव कुमार झा की अध्यक्षता में जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिला स्तरीय स्वीप कोर कमेटी की बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य रूप से आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2023 को सफल बनाने के लिए जिला स्वीप कमेटी के द्वारा वृहत प्रचार-प्रसार करने पर चर्चा हुई साथ ही निर्वाचन की तैयारियों के संबंध में उपस्थित सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर प्रदीप साहू, निगम आयुक्त प्रभाकर पांडेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा, स्वीप की नोडल अधिकारी साधना खरे सहित कमेटी के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

बैठक को संबोधित करते हुए कलेक्टर झा ने कहा कि जिला स्तर पर स्वीप कोर कमेटी के सभी पदाधिकारीगण अपने-अपने कार्यों का निर्वहन करना सुनिश्चित करेंगे। स्वीप कोर कमेटी का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची में पंजीकरण बढ़ाकर कोई मतदाता न छूटे, श्लोगन को चरितार्थ करना, शत प्रतिशत मतदाता द्वारा मतदान प्रक्रिया में भाग लेना सुनिश्चित करना, मतदाता पंजीकरण एवं उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि कमेटी का कार्य मतदाता सूची में पंजीकरण बढ़ाकर मतदान प्रक्रिया में भागीदारी बढ़ाना, नैतिक एवं गुणवत्तापूर्ण मतदाता सहभागिता सुनिश्चित करना, युवा मतदाताओं विशेषकर 18 से 19 वर्ष का पंजीकरण करना, प्रजातंत्र एवं चुनाव प्रक्रिया पर सतत् प्रशिक्षण एवं प्रचार-प्रसार करना, निर्वाचक नामावली में वंचित वर्गों का पंजीकरण कराना, दिव्यांग एवं वृद्ध मतदाताओं का शत प्रतिशत पंजीकरण एवं मतदान प्रक्रिया में सहभागिता सुनिश्चित करना आदि शामिल है। कलेक्टर झा ने स्वीप के तहत की जाने वाली गतिविधियों के संबंध में जानकारी लेते हुए कहा कि जिले में मतदाताओं में मतदान के प्रति जागरूकता के लिए व्यापक पैमाने पर प्रचार प्रसार किया जाए। उन्होंने कहा कि जिले के सभी पात्र व्यक्ति मतदान में हिस्सा लेकर लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करने में अपना योगदान दें। कलेक्टर ने एनसीसी, एनएसएस के छात्र-छात्राओं की सहभागिता से जिले में मतदान के विषय में नुक्कड़ नाटक, कला जत्था, निबंध लेखन, चर्चा-परिचर्चा जैसे विभिन्न जागरूकता गतिविधियां संचालित करने के लिए कहा। जिससे आमजनों की मतदान को लेकर व्यवहार में परिवर्तन आए। साथ ही नए मतदाताओं को मताधिकार के संबंध में जानकारी देकर मतदान में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित करने की बात कही। उन्होंने औद्योगिक संस्थानों के प्रबंधकों, विभिन्न संगठन पदाधिकारियों के माध्यम से कर्मचारियों एवं सहयोगियों को मतदान के लिए जागरूक करने के लिए कहा। झा ने कहा कि कस्बाई क्षेत्रों में सोशल मीडिया के माध्यम से भी व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए मतदान हेतु लोगों को जागरूक किया जाए।

चोरी के 13 नग लोहे का एंगल सहित दो आरोपी बेमेतरा पुलिस के गिरफ्त में

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

प्रार्थी संजय साहू पिता तुलसीराम साहू उम्र 46 साल निवासी गोकुल पारा देवकर पुलिस चौकी देवकर ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 13 जून 2023 को बिही बाडी में लगे घेरा लोहे का एंगल को छोटे लालपुर के अनिल चंदेल एवं गौतम चंदेल चोरी कर एक टीवीएस मोटर सायकल में रखकर ले जा रहे थे जिसे रोकने का प्रयास किया नही रूका भाग गया कि रिपोर्ट पर कि रिपोर्ट पर पुलिस चौकी देवकर थाना साजा में अपराध क्रमांक 146/2023 धारा 379,34, भादवि का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया । प्रकरण में विवेचना के दौरान दौरान आरोपी गौतम चंदेल एवं अनिल चंदेल से उक्त चोरी के संबंध में पूछताछ करने पर चोरी करना पता चला। आरोपियो के कब्जे से चोरी के 13 नग लोहे का एंगल बरामद एवं चोरी में प्रयुक्त वाहन टीवीएस एक्सल जप्त किया गया। 13 नग लोहे का एंगल, कीमती करीबन 6,500/ रूपये। चोरी में प्रयुक्त वाहन टीवीएस एक्सल सीजी क्रमांक 25 डी 5709 कीमती 25,000 रूपये।

आरोपीगण-गौतम चंदेल पिता राजकुमार उम्र 25 साल, निवासी छोटे लालपुर पुलिस चौकी देवकर थाना साजा जिला बेमेतरा, अनिल चंदेल पिता चंद्र कुमार उम्र 29 साल निवासी छोटे लालपुर पुलिस चौकी देवकर थाना साजा जिला बेमेतरा,उक्त कार्यवाही में पुलिस चौकी देवकर प्रभारी उप निरीक्षक टीआर कोसिमा, आरक्षक संतोष धिवर, राजू धीवर, अजय लहरे एवं चौकी स्टाफ की सराहनीय भुमिका रही।

12 जिलों से पकड़ कर 26 साल पुराना फरार स्थायी वारंटी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में किया पेश

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता भा.पु.से. के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, समाधान सेल प्रभारी डीएसपी कौशिल्या साहू, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल व एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा ऑपरेशन ईगल अभियान चलाकर विगत 15 दिनो में 33 स्थायी वारंटियों को बेमेतरा एवं अन्य जिलो से पकडकर तामिल कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया है। जिसमें थाना बेमेतरा से 08 स्थायी वारंटियो को बेमेतरा, जिला राजनांदगांव, जिला कोरबा थाना उरगा क्षेत्र,पाटन दुर्ग, थाना नवागढ़ से 06 स्थयी वारंटियो को नवागढ़ जिला मुंगेली थाना फ स्टरपुर, ग्राम जल्छी थाना फास्टरपुर जिला मुंगेली, ग्राम देवेंगा जिला बलौदाबाजार, डिघोरा जिला मुंगेली, कुआ थाना चंदनू, थाना नांदघाट से 04 स्थायी वारंटियों को नांदघाट, केसला, मुर्रा, जिला महासमुंद, थाना दाढी से 03 स्थायी वारंटियों को मजगांव बिरसिंघी, लोरमी जिला मुंगेली, थाना साजा से 02 स्थायी वारंटियों को जिला खैरागढ़ छुईखदान,,गंडाइ, चिखला,थाना खम्हरिया से 02 स्थायी वारंटियों को खम्हरिया, ठेलका चौक, डौकाबांधा, थाना बेरला से 02 स्थायी वारंटियों को ग्राम बेलतरा, घटियाकला, पुलिस चौकी देवकर से 02 स्थायी वारंटियों को देवरकोना थाना बोरी जिला दुर्ग, डोगरगांव जिला राजनांदगांव, पुलिस चौकी मारो से 01 स्थायी वारंटी को थाना पथरिया जिला मुंगेली,पुलिस चौकी कंडरका से 02 स्थायी वारंटियों को जिला बिलासपुर एवं सिमगा जिला बलौदाबाजार, पुलिस चौकी खण्डसरा से 01 स्थायी वारंटी को जिला कबीरधाम मीनीमाता चौक से पकड़ा गया है उक्त फरार 33 स्थायी वारंटियो को जरिये मुखबिर कि सूचना पर पकड़ कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया है। इसी तारतम्य में 13 जून 2023 को बेमेतरा पुलिस द्वारा स्थायी वारंटियो को पकड़ने हेतु विशेष अभियान चलाकर थाना बेमेतरा स्टाफ के द्वारा माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट बेमेतरा न्यायालय के केस नं.393/1996 धारा 379, 34 भादवि में 26 साल से फरार चल रहे स्थायी वारंटी कन्हैया सतनामी पिता सुखलाल ऊर्फ कोंदा सतनामी ग्राम जरवाय थाना रानीतराई जिला दुर्ग को जरिये मुखबिर कि सूचना पर पकड़ा गया। एवं माननीय विशेष न्यायाधीश न्यायिक मजिस्ट्रेट बेमेतरा न्यायालय के प्रकरण क्रमांक 04/2021 धारा 366,376, 34 ;2, ;छ,भादवि एवं एससी/एसटी एक्ट में फरार चल रहे स्थायी वारंटी प्रकाश विश्वकर्मा पिता ताराचंद विश्वकर्मा उम्र 25 साल निवासी फरसवानी थाना उरगा जिला कोरबा को जरिये मुखबिर कि सूचना पर पकड़ा गया। उपरोक्त वारंटी को माननीय न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

कलेक्टर ने रीपा के तहत् किए जा रहे गतिविधियों के संबंध में ली बैठक

सभी केन्द्रों में शीघ्र मल्टी एक्टिविटी प्रारंभ करने के दिए निर्देश, गौठान में गौठान मेला का करें आयोजन.कलेक्टर

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क योजना अंतर्गत किए जा रहे विभिन्न गतिविधियों के संबंध में बैठक लेकर विभागीय अधिकारियों से चर्चा की। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा, सभी जनपद सीईओ, निर्माण एजेंसी एवं एनआरएलएम के अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में जिले में रीपा हेतु चयनित गौठानों में किए जा रहे विभिन्न गतिविधियों की जानकारी लेते हुए सभी स्थानों में जल्द से जल्द मल्टी एक्टिविटी प्रारंभ करने के दिए निर्देश। उन्होंने कहा कि गोधन न्याय योजना अंतर्गत गौठान आजीविका मूलक गतिविधियों का केंद्र बन रहे हैं। इसे ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम निर्धारित करें। महिला समूह को अवसर उपलब्ध कराते हुए विशेष प्रशिक्षण देने के साथ ही स्थानीय मांग और बाजार की उपलब्धता के आधार पर उत्पाद तैयार करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने जिले के अंतर्गत चिन्हांकित रीपा योजना अंतर्गत गौठान में किए जा रहे गतिविधियों और कार्यक्रमों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि रीपा अंतर्गत चिन्हित सभी केन्द्रों में जल्द से जल्द मल्टी एक्टिविटी प्रारंभ किया जाए। साथ ही गौठान मेला का आयोजन कर रीपा के तहत् गौठानों में निर्मित सभी उत्पादों को जन-जन तक पहुंचाएं और मेला के माध्यम से वर्मी कम्पोस्ट निर्माण, मशरूम उत्पादन, मुर्गी पालन, सब्जी उत्पादन के लिए समूह की महिलाओं को प्रशिक्षण दें। साथ ही गौठान मेला के माध्यम से आजीविका मूलक गतिविधियों को बढ़ावा देने का प्रयास करने के लिए कहा। कलेक्टर डॉ. मित्तल ने घोलेंग, बालाछापर, कोरना, पालीडीह, बगिया, फरसाकानी सहित अन्य गौठानों में किए जा रहे आर्थिक गतिविधियों का बेहतर संचालन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि आजीविका गतिविधियों के लिए जहॉ मशीनों की आवश्यकता है वहॉ तत्काल व्यवस्था सुनिश्चित करें साथ ही गौठान में मिलेट से संबंधित उत्पादन को बढ़ावा दे। मिलेट के उत्पाद को स्थानीय बाजार में बिक्री के लिए प्लेटफार्म तैयार करें और रीपा अंतर्गत चिन्हित गौठानों में प्रशिक्षण केंद्र का संचालन भी करें।

कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समीक्षा बैठक ली

जल जीवन मिशन के कार्य में प्रगति लाने के दिए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने विगत दिवस कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की बैठक लेकर जल जीवन मिशन के कार्य प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने योजना अंतर्गत कार्य में प्रगति लाने तथा समयावधि में कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता, एसडीओ और उप अभियंता उपस्थित थे। कलेक्टर डॉ. मित्तल ने विभागीय योजनाओं की कार्य प्रगति की जानकारी लेते हुए कहा कि शासन की योजनाओं से लोगों को प्राथमिकता के साथ लाभ पहुचना हैं। उन्होंने कार्यो की प्रगति को बनाए रखने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस हेतु सभी अनुबंधित कार्यो में पृथक-पृथक टीम लगाने, मशीनरी व श्रमिकों की संख्या बढ़ाने की बात कही। उन्होंने विभाग के सभी एसडीओ व सब इंजीनियर को सतत रूप से फील्ड में जाकर प्रगतिरत कार्यों पर निगरानी रखने के लिए कहा। कलेक्टर ने क्षेत्र के प्रभावित काम को जल्द से जल्द प्रारंभ कराने के लिए कहा। साथ ही मिशन अंतर्गत अनुबंध में समय वृद्धि सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस दौरान लंबित शेष कार्य के निराकरण में भी गंभीरता से प्रगति लाने के निर्देश दिए।

विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर रेड क्रॉस सोसाइटी ने रक्तदान शिविर का किया आयोजन

कलेक्टर ने रक्तदान कर सभी को ब्लड डोनेट करने हेतु किया प्रेरित

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा आज कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कलेक्टर संजीव कुमार झा ने स्वयं रक्तदान कर जिला कार्यालय के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को रक्तदान करने के लिए प्रोत्साहित किया।

साथ ही निगम आयुक्त प्रभाकर पांडेय, डीआईओ एनआईसी हेमंत जायसवाल, जिला खेल अधिकारी दीनू पटेल सहित जिला कार्यालय के विभिन्न अधिकारी-कर्मचारियों ने भी रक्तदान किया। रक्तदाता दिवस पर कलेक्टर झा ने कहा कि रक्तदान महादान है और यह अत्यंत पुण्य का कार्य है। रक्तदान के जरिए एक व्यक्ति दूसरों को नई जिंदगी देता है। कलेक्टर ने कहा कि ब्लड के अनुपलब्धता में कई दुर्घटनाओं में घायलों की जान चली जाती है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि स्वैच्छिक रक्तदान के लिए आगे आएं और इस नेक कार्य में अपना सहयोग प्रदान करें। उन्होंने कहा कि रक्त की मांग अनुसार डोनेशन को बढ़ाना आवश्यक है। इसलिए सभी को रक्तदान करना चाहिए। जिससे पर्याप्त मात्रा में ब्लड एकत्रित किया जा सके। कलेक्टर झा ने कहा कि आप रक्तदान कर न केवल उस मरीज की जान बचाते हैं बल्कि उस मरीज के परिवार को भी नया जीवन देते हैं। क्योंकि एक व्यक्ति के जीवन से बहुत सारे लोगों का जीवन और उनकी भावनाएं जुड़ी होती हैं। उन्होंने सभी रक्तदाताओं इस पुनीत कार्य में सहयोग करने के लिए बधाई दी। कलेक्टर ने रेडक्रॉस सोसायटी के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि रेडक्रॉस सोसायटी रक्त की उपलब्धता के लिए निरंतर अपना योगदान दे रहा है। आवश्यकतानुसार जिले के अस्पतालों में सभी ग्रुप के ब्लड पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होनी चाहिए। जिससे मरीजों को ब्लड त्वरित उपलब्ध हो सके। रेडक्रॉस का मरीजों के लिए किया जा रहा यह कार्य निश्चय ही सराहनीय है। रक्तदाता दिवस के अवसर पर रक्तदान करने वाले लोगों को स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉक्टर पुष्पेश पंत, डॉक्टर जात्रा सहित रेडक्रॉस की पूरी टीम उपस्थित थी।

रक्तदान अत्यंत पुण्य का कार्य है- कलेक्टर संजीव झा

एक नजर

विधानसभा आम निर्वाचन 2023

जिला निर्वाचन कार्यालय में अतिरिक्त कार्य सम्पादन हेतु विभिन्न पदों के लिए आवेदन 20 जून तक आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के अतिरिक्त कार्य संपन्न कराने हेतु जिला निर्वाचन कार्यालय एवं रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय के लिए अस्थायी पदों हेतु 01 जून से 30 नवम्बर 2023 तक की अवधि के लिए सहायक ग्रेड-03 संविदा के 05 एवं भृत्य कलेक्टर दर के 05 पदों की पूर्ति हेतु निर्धारित योग्यता रखने वाले योग्य अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन 20 जून 2023 तक आमंत्रित किया गया है। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार ऑनलाइन आवेदन हेतु जिला के वेबसाइट में लिंक 20 जून 2023 तक उपलब्ध रहेगी। उक्त संबंध में अधिक जानकारी के लिए जिला कार्यालय के सूचना पटल का अवलोकन कर सकते हैं या जिला निर्वाचन कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

लर्निंग लाइसेंस शिविर का आयोजन 14 जून से 22 सितम्बर तक

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के दिशा-निर्देश में जिला परिवहन विभाग द्वारा कॉलेज के छात्र-छात्राओं व आम जनता की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुएए सड़क सुरक्षा में जागरूकता लाने के प्रयास से जिले के विभिन्न विकासखण्डों में माह जून से सितम्बर तक लर्निंग लायसेंस शिविर का आयोजन किया जा रहा है। परिवहन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार लर्निंग लायसेंस शिविर लगाने के लिए आत्मानन्द शासकीय इंग्लिश मिडियम स्कूलए हाईस्कूल चौक बगीचा में 14 जून को तिथि निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार 28 जून को एनईएस कॉलेज जशपुर, 12 जुलाई को शासकीय नवीन महाविद्यालय सन्ना, 26 जुलाई को शासकीय नवीन महाविद्यालय मनोराए 11 अगस्त को अशासकीय लोयोला महाविद्यालय कुनकुरी, 23 अगस्त को ठाकुर शोभा सिंह शासकीय महाविद्यालय पत्थलगांव, 06 सितम्बर को शासकीय महाविद्यालय दुलदुला और 22 सितम्बर को शासकीय नवीन महाविद्यालय बागबहार निर्धारित किया गया है।

जनहानि के 1 मामले में प्रभावित परिजन हेतु 4 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल ने प्राकृतिक आपदा में हुए जनहानि के 1 मामले में प्रभावित परिजन हेतु आरबीसी 6.4 के तहत 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। जिसके अंतर्गत सन्ना विकासखण्ड के ग्राम देवडांड़ निवासी स्व. फुलसाय का मधुमक्खी काटने से 20 नवंबर 2022 को मृत्यु हो जाने के कारण मृतक के निकटतम वारिस मृतक के पिता बंधनू हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई हैं।

मछलियों की वंश वृद्धि को संरक्षण देने 16 जून से 15 अगस्त बंद ऋतु घोषित

बंद ऋतु अवधि में मत्स्याखेट कार्य रहेगा पूर्णतः निशि

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

मछली पालन विभाग द्वारा वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि को दृष्टिगत रखते हुए उन्हें संरक्षण देने हेतु 16 जून से 15 अगस्त 2023 तक की अवधि को बंद ऋतु क्लोज सीजन के रूप में घोषित किया गया है। मछली पालन विभाग के सहायक संचालक ने सर्व साधारण को सूचित करते हुए कहा है कि जिले के अंतर्गत् समस्त नदियों.नालों तथा छोटी नदियों, सहायक नदियों में जिन पर सिंचाई जलाशय निर्मित किए गए हैं में सभी प्रकार का मत्स्याखेट 16 जून से 15 अगस्त तक 2023 तक पूर्णतः निषिद्ध रहेगा। उन्होंने इन नियमों का उल्लंघन करने पर छत्तीसगढ़ राज्य मत्स्य क्षेत्र अधिनियम अन्तर्गत अपराध सिद्ध होने पर एक वर्ष का कारावास अथवा दस हजार जुर्माना या दोनों ही दंड का प्रवाधान सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त नियम केवल छोटे तालाब या अन्य जल स्त्रोत जिनका संबंध किसी नदी नाले से नही हैं। के अतिरिक्त जलाशयों में किए जा रहे केज कल्चर में लागू नहीं होगें।

घर से नकदी सहित लाखों रुपए के जेवर पार

रायपुर । सोनकरपारा पुरानी बस्ती में अज्ञात चोर ने घर से नकदी सहित जेवर व मोबाइल फोन पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी चंद्रेशखर सोनकर 34 वर्ष सोनकरपारा पुरानी बस्ती का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी के घर में 11 से 12 जून के मध्य अज्ञात चोर प्रवेश कर घर के आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर सहित नकदी 18 हजार रुपए और मोबाइल पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 2 लाख 98 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

टाटीझरिया लीज क्षेत्र के तीन ग्राम पंचायतों के बेरोजगार युवाओं ने सामरी बेरोजगार संघ पर उठाए सवाल

हिण्डाल्को, जीएनसी, बीकेबी के प्रति रोजगार की मांग बढ़ते नजर आ रही, साथ बी.फ़ार्म की मांग को लेकर आक्रोश में दिखे ग्रामीण

जोहार छत्तीसगढ़-कुसमी।

बलरामपुर जिला के सामरी पाट छेत्र अंतर्गत हिंडालको खदान टाटीझरिया लीज क्षेत्र के बेरोजगार युवकों ने सामरी गोपातू में बने बेरोजगार संघ का खोला मोर्चा। प्राप्त जानकारी अनुसार हिंडालको में रोजगार के लिए हड़ताल में कई बार बैठ रहे हैं पर उसमें ग्राम पंचायत टाटीझरिया, बेतपानी,लक्ष्मणपुर के बेरोजगार युवकों को नहीं किया शामिल बेरोजगार लड़कों का नाम नहीं है और ना ही बेरोजगार संघ का किसी भी मीटिंग या रोजगार कि मांग हेतु बुलाया जाता है और ना ही टाटीझरिया लीज क्षेत्र के बेरोजगारों का नाम सूची मे जोड़ा जाता है यहां के स्थानीय बेरोजगार युवाओं का कहना है कि बाहर के बेरोजगार युवकों द्वारा संघ बनाकर हमारे क्षेत्र में रोजगार मांग करने के लिए हिंडालको के ठेकेदार बीकेबी कंपनी में सूची भेजा जाता है उसे यहां के लोकल बेरोजगार पुरजोर विरोध कर रहे हैं और टाटीझरिया खद्यान लीज क्षेत्र के तीन ग्राम पंचायत पड़ता है जो की ग्राम पंचायत टाटीझरिया, बेतपानी व ग्राम पंचायत लक्ष्मणपुर के सभी बेरोजगार युवकों के द्वारा सूची तैयार कर हिंडाल्को कंपनी को सौंपने रोजगार मांगने कि तैयारी में जुट गए हैं और आज तक बेरोजगार संघ जो बना है उनके द्वारा कई बार हड़ताल जुलूस रैली किया गया जिसमें हमारे क्षेत्र के बेरोजगारों को कभी सही समय पर सूचना नहीं दिए जाने के कारण हमारे क्षेत्र के बेरोजगार युवा उपस्थित नहीं हो पाते हैं और सामरी व गोपातू क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं के द्वारा अपने क्षेत्र का लड़कों का सूची तैयार कर हिंडालको में सौंपा गया है। जिसे स्थानीय बेरोजगार के द्वारा पुरजोर विरोध करते हुए टाटीझरिया लीज क्षेत्र के बेरोजगारों का सूची तैयार कर हिंडालको में रोजगार मांगने की तैयारी में है और पहले से जो बेरोजगार संघ बना है जिसमें काम सिर्फ नेता लगाओं रखने वाले एवं क्षेत्रिय विधायक चिंतामणि महाराज के क्षत्रछाया है और टाटीझरिया क्षेत्र के बेरोजगारों कि ओर विधायक जी का ध्यान नहीं है इसलिए बेरोजगार युवाकों का कहना है कि विधायक हमारे टाटीझरिया वेतपानी लक्ष्मणपुर क्षेत्र में कभी बेरोजगारों के प्रति आवाज नहीं उठाये और इस छेत्र से बाहर का लोगों का लिस्ट बनाकर दबाव बनाया जा रहा है हिंडालको कंपनी के ऊपर और बोला जा रहा है कि हमारा आदमी है इन्हें काम पर रखा जाए।

प्राप्त जानकारी कें अनुसार टाटीझरिया बेतपानी क्षेत्र में बहुत से ऐसे बेरोजगार युवक हैं जो हिंडालको कंपनी मे करीब 10 साल से काम कर रहे हैं जिनका नाम बी फार्म में नहीं चढ़ाकर वाउचर में कंपनी के द्वारा काम करवाया जा रहा है जिसका किसी प्रकार दुर्घटना हो जाने पर ना हिंडालको कंपनी कि जिम्मेदारी होंगी ना कोई और कि जिम्मेदारी होगी बल्कि गरीब अपना स्वयं जिम्मेदार होंगे इस लिए युवाकों का कहना है कि इस सवाल पर हिंडालको के प्रबंधक एवं क्षेत्रीय विधायक चिंतामणी महाराज भी अपने ध्यान आकर्षित करने का कस्ट करें,और जब काम मांग करने की बारी आ रहा है तो बाहर के लोगों का लिस्ट जारी कर हिंडाल्को में काम मांगने की जोर विधायक द्वारा दिया जा रहा है जबकि टाटीझरिया क्षेत्र में ऐसे बहुत से पढ़े लिखे और और शिक्षित बेरोजगार युवा हैं जिसका कोई रोजगार नहीं है जिन्हें घर चलाना शाम सुबह का खानापूर्ति चलाना मुश्किल हो रहा है इसलिए युवकों द्वारा अनुरोध किया गया है कि इन्हें भी रोजगार दिया जाए और यह बेरोजगार युवक अपना घर का खाना पूर्ति जीविका चला सकें।

एक नजर

विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष में रेडक्रास की पहल से जिला चिकित्सालय में किया गया रक्तदान

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।

भारत सहित पूरे विश्व में विश्व रक्तदाता दिवस मनाया जाता है। विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष में कलेक्टर संजय अग्रवाल के आदेशानुसार मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.एस सिंह के निर्देशन पर डीएचओ डॉ. एके त्रिपाठी एवं सिविल सर्जन अस्पताल अधीक्षक के मार्गदर्शन में तथा इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी शाखा सूरजपुर के पहल से जिला चिकित्सालय में मेगा ब्लड डोनेशन कैंप रखा गया था। जिस में एनसीसी के छात्र एवं जिले के लोगों द्वारा रक्तदान किया गया। रक्तदान शिविर में जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. अजय मरकाम डॉ. प्रियंक पटेल, अस्पताल सलाहकार निलेश गुप्ता, संतोष साहू, एचडी पाव इंद्रभान सिंह, लक्षण धारी सिंह, संदीप गुप्ता और बहुत सारे कर्मचारी उपस्थित थे।

सर्व पिछड़ा वर्ग समाज की बैठक सार्किट हाऊस में संपन्न

जोहार छत्तीसगढ़-बीजापुर।

जिले में 13 जून 2023 दिन मंगलवार को सर्व पिछड़ा वर्ग समाज की बैठक रितेश पटेल के अध्यक्षता में बीजापुर के सर्किट हाउस में रखी गई। बस्तर संभाग अंतर्गत संगठन को मजबूत बनाना क्यों जरूरी है वर्तमान समय में समाज की विस्तार व एकता की शक्ति के बारे बताया। सर्व पिछड़ा वर्ग कोंडागांव के दक्षिण बस्तर प्रवास का प्रमुख उद्देश्य सर्व पिछड़ा वर्ग समाज का गठन करना व संगठन का विस्तार करना है। वही इस बैठक में सभी जिला पदाधिकारियों ने पिछड़ा वर्ग समाज के उद्देश्य अपना व संगठन के महत्व एवं बस्तर के पिछड़ा वर्ग भाइयों की पीड़ा को उद्बोधन के माध्यम से रेखांकित किया। प्रवास पर आए समाज के पदाधिकारियों ने संगठन निर्माण हेतु एक संचालन समिति का गठन करने पर सहमति बनी। समिति के सभी सर्व पिछड़ा वर्ग समाज के प्रतिनिधि रहेंगे। इस बैठक में जिला बीजापुर के सर्व पिछड़ा वर्ग जिला अध्यक्ष कोंडागांव रितेश पटेल, प्रवक्ता नीलकंठ शार्दुल, उपाध्यक्ष मनोज देवांगन, बीजापुर मरार समाज अजय गुरला, के मदनैया, कुम्हार समाज नन्द कुमार मारकोण्डा, रामचन्द्रम,रोला, कलार समाज-डी माधव राव, यादव समाज-घनश्याम यादव, लक्ष्मैया जागर, पदमशाली समाज के संतोष, साहू समाज अवधेश साहू रहे।

समाज प्रमुख एवं सदस्यों सहित कोंडागांव जिले के पदाधिकारी गण रहे उपस्थित।

मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण के विषय में कलेक्टर ने ली बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर संजीव कुमार झा की अध्यक्षता में आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में मतदान केन्द्रों के युक्ति युक्तकरण के विषय में राजनीतिक दलों की उपस्थिति में बैठक आयोजित हुई। उन्होंने जिले में आगामी निर्वाचन की तैयारियों के संबंध में उपस्थित सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर प्रदीप साहू, निगम आयुक्त प्रभाकर पांडेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा, स्वीप की नोडल अधिकारी साधना खरे सहित कमेटी के अन्य सदस्य उपस्थित थे। कलेक्टर संजीव झा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 01 अक्टूबर 2023 में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों का युक्तियुक्तकरण किया जाना है। इस संबंध में आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार निम्न बिंदुओं के आधार पर युक्तियुक्तकरण किया जाना है. बढ़ती हुई जनसंख्या एवं नई बसाहट के कारण अनुभागों का नए सिरे से सीमांकन एवं नामांकन करना, अनुभागों का युक्तियुक्तकरण एवं मतदान केंद्र के वर्तमान सीमाओं में परिवर्तन इस प्रकार करें की मतदान केंद्र के हिसाब से कॉम्पैक्ट हो जाए तथा मतदाता की संख्या लगभग 1500 हो। मतदान केंद्र 02 किमी से अधिक दूरी पर न हो। मतदान केंद्र में सभी अनिवार्य न्यूनतम सुविधाएं बिजली, पानी, शौचालय उपलब्ध होना चाहिए। एक मतदान केंद्र पर दो से अधिक पोलिंग बूथ नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक ही परिवार के सभी सदस्यों का मतदान केंद्र एक ही होना चाहिए। इस दौरान झा ने अधिकारियों, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिकों को बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार फ ोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का द्वितीय विशेष पुनरीक्षण का कार्य 01 अक्टूबर 2023 की स्थिति में 25 मई से 23 जून 2023 तक संबंधित मतदान केंद्र के बीएलओ, द्वारा घर-घर मतदाता सूची का सत्यापन कार्य किया जा रहा है। 02 अगस्त 2023 की स्थिति में मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन कर दावा-आपत्ति 31 अगस्त 2023 तक प्राप्त किए जाएंगे।

साईं सामर्थ जन सेवा संस्थान की बैठक हुई संपन्न, कार्य योजना तैयारियां शुरू करने के लिए किया बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-कुसमी।

साईं सामर्थ जन सेवा संस्थान के अध्यक्ष पंकज गुप्ता की अध्यक्षता में गठित समिति के सदस्यों की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें साईं सामर्थ जन सेवा संस्थान के उद्देश्यों के बारे में विस्तृत विचार विमर्श किया गया। इस बैठक में जनसेवा से संबंधित कार्यों की करने हेतु रणनीति तैयार की गई। इस बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने अपना अपना वक्तव्य रखकर संस्थान के विकास हेतु सहयोग प्रदान की और साईं सामर्थ जन सेवा संस्थान के अध्यक्ष पंकज गुप्ता के साथ बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने संकल्प लिया कि जनसेवा ही उनका मुख्य उद्देश्य है जन सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं है जिसे हम निष्ठा पूर्वक और इमानदारी से निभायेंगे और संस्था को हर मजबूर, जरूरतमंद और समाज के उत्थान के लिए क्षेत्र के आखरी घर तक, आखिरी व्यक्ति तक पहुंचकर उनकी हर संभव मदद करेंगे। साईं समर्थ जन सेवा संस्थान के अध्यक्ष ने बताया कि हमारा उद्देश्य गांव गांव में जाकर शिक्षा स्वास्थ्य विधि कानून संबंधी शिविर लगाकर ग्रामीणों को जानकारी दिलाना है तथा शासन की योजनाओं से वंचित लोगों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने हेतु उनकी सहायता करना है हर गरीब मजदूर लाचार अनाथ बेसहारा लोगों की मदद करना हमारा मुख्य उद्देश्य है ऐसे कितने ग्राम पंचायत हैं जहां के ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता है।

योजनाओं के बारे में बतला कर उन्हें लाभ दिलाने का प्रयास करना है। आज के दौर में समाज में फैल रहे अराजकता और अज्ञानता को दूर करने का प्रयास करना है गरीब लोगों को शिक्षा स्वास्थ्य और कानून के बारे में शिविर लगाकर उनकी जानकारी देना उनका मुख्य उद्देश्य है। जिससे समाज में व्याप्त अराजकता व अज्ञानता को रोका जा सके।

जिले के सभी गांवों में मनरेगा के तहत काम स्वीकृत करवा के कराए कार्य-कलेक्टर

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने जिले के सभी ग्राम पंचायत और गावो में मनरेगा के तहत काम स्वीकृत करवा के कार्य शुरू कराए जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि हर गांव और ग्राम पंचायत में कोई ना कोई कार्य अवश्य हो इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए। कलेक्टर ने जिले के सभी स्कूल, छात्रावास और आश्रमों में वृक्षारोपण कराते हुए सभी संबंधित विभागों को वृक्षारोपण की तैयारी किए जाने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने सभी तहसीलदारो को जिले में उपलब्ध फर्टिलाइजर और उनके वितरण किए जाने के कार्यों की नियमित निरीक्षण करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत किए जाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने जिले में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग अंतर्गत किए जा रहे धीमे निर्माणकार्य पर नाराजगी जताई और स्कूल जतन योजना तथा सेजेस के प्रगतिरत कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आगामी विधानसभा आम निर्वाचन और एफएलसी के कार्यों के बारे में भी विस्तार से जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी प्रस्तावित मतदान केंद्रों के सामने दीवार पर मतदान केंद्र की सामान्य जानकारी की पेंटिंग कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को समय रहते जिले में निर्वाचन

संबंधी सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए है। साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में उन्होंने उपस्थित सभी तहसीलदारों को आरबीसी 6.4 के प्रकरणों की आधारभूत जांच संबंधित स्पॉट पर जाकर करने के बाद ही आगे की कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने जिले के विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों पर विस्तार से चर्चा करते हुए अधिकारियों को गंभीरता से इनका त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कलेक्टर ने बैठक में गोधन न्याय योजना, रीपा योजना, बेरोजगारी भत्ता, राजस्व प्रकरणों का निराकरण, आयुष्मान कार्ड,, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना,, चिटफ ंड, प्रधानमंत्री आवास योजना, डीएमएफ मद अंतर्गत किए जा रहे निर्माण कार्यों सहित अन्य निर्माण कार्यो की अद्यतन स्थिति, जल जीवन मिशन के कार्य, अमृत सरोवर योजना, सीमार्ट, विधवा पेंशन सहित विभिन्न विभाग अंतर्गत चल रहे कार्यों की विस्तार से समीक्षा किए। इसके साथ ही कलेक्टर ने सभी विभागों के लंबित टीएल प्रकरणों, जनशिकायत की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्रता से निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कलेक्टर ने अन्य विभिन्न महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर, सर्व एसडीएम तथा विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

एक दर्जन मवेशी बरामद, कांसाबेल बेलाघाट में पिकअप से हो रही थी गौ वंश की तस्करी

तस्कर पिकअप छोड़ भागे, पुलिस की गस्त नाकेबंदी की खुली पोल

जोहार छत्तीसगढ़-कांसाबेल।

जिले के कांसाबेल थानांतर्गत बेलाघाट में एक लावारिश हालात में खड़े पिकअप वाहन से 12 नग गौवंश बरामद हुए हैं, ग्रामीणों की सूचना के आधार पर जांच में जुटी कांसाबेल पुलिस, ग्रामीणों ने बताया कि गौ तस्कर गौ वंश को ठूंस ठूंस कर तस्करी कर रहे थे। ग्रामीणों द्वारा गौ वंश को आजाद कराया पिकअप वाहन का चालक मौके से फरार हो गया, कांसाबेल पुलिस द्वारा तत्परता पूर्वक तत्काल कार्यवाही में जुटी गई। कांसाबेल थानाक्षेत्र के बेलाघाट में मिले गौवंश से भरे पिकप की तरह ही कांसाबेल क्षेत्र में अब तक कई गौ तस्करी मामला प्रकाश में आ चुका है जिसमें तस्कर मुस्तैद से पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए। वाहन की तलाशी लेने पर लाइसेंस, परमिट और अन्य कोई कागजात नहीं मिले। अक्सर पुलिस दोषियों तक पहुंचने में केवल हाथ मलती रहती नजर आती है। यह सिलसिला लागातार अभी तक जारी है। तस्करों की इस करतूत से कांसाबेल पुलिस गौवंश की तस्करी को रोकने में नाकाम साबित हो रहे हैं।

गौ वंश की तस्करी को लेकर आम लोगों में भारी रोष व्याप्त है।

30 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह,खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।

छत्तीसगढ़ शासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग रायपुर के निर्देशन व जिले के कलेक्टर संजय अग्रवाल के सफ ल मार्गदर्शन में जिले में संचालित 30 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 2023 का समापन समारोह मंगल भवन में किया गया। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन जिला प्रषासन तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वाधान में 16 मई से 14 जून 2023 तक किया गया है। खेल अधिकारी आरती पाण्डेय ने बताया कि प्रथम बार प्रत्येक विकासखण्ड में चयनित 18 लघु केन्द्र व जिला स्तर सहित कुल 22 स्थानों पर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में शासन द्वारा चयनित खेल विधाएं जैसे ताईक्वांडो, फु टबॉल, वॉलीबाल, बैडमिंटन, एथलेटिक्स व स्थानीय स्तर के खेल जैसे खो-खो व कबड्डी का प्रशिक्षण कुषल प्रशिक्षक के द्वारा प्रदाय किया गया। जिसमें पूरे जिले के अधिक संख्या में खिलाड़ियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष केके, अग्रवाल, नगर पालिका परिषद व अध्यक्षता कलेक्टर संजय अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि द्वारा ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षण प्रदाय करने वाले प्रशिक्षक फ ुटबॉल में राम बहादुर लामा, वॉलीबॉल में राजनाथ गुप्ता व भागीरथी, बैडमिंटन में सोमेश लामा, ताइक्वांडो में सहेदव राम रवि व आकाश सोनवानी, खो.खो में

बालेन्द्र साहू व एथलेटिक्स में नरेश कुशवाहा को प्रशस्ति पत्र व सेवा सम्मान के रूप में स्मृति चिन्ह प्रदाय कर सम्मानित किया गया। 30 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के दौरान प्रत्येक विधा में पूर्ण अनुशासन व लगन के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले चयनित खिलाड़ी वॉलीबाल में चमन कुमार निर्मम व चन्द्रवती राजवाडे, बैडमिंटन मे प्रणव निगम, ताईक्कांडो में शुभम साहू व रितिका द्विवेदी, खो-खो में आर्यन साहू व नंदनी सोनवानी, एथलेटिक्स में महेन्द्र सिंह आयाम व सोनिका राजवाडे को टी-शर्ट व प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया। समापन समारोह में खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र प्रदाय कर प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर एसडीएम,रवि सिंह, डिप्टी कलेक्टर डॉ. वर्षा बंसल, डीएसपी राम श्रृंगार यादव, नगर पालिका परिषद के पार्षद संजय दोसी व राम सिंहए जिला क्रीडा सहायक शरदेन्दु शुक्ल, शीला मजूमदार, शीला जायसवाल, दिनेश साहू, मोतीलाल सिंह, पंकज डोंगरे, महेन्द्र सिंह, स्वमनोरथ, अरविंद खेस आदि उपस्थित रहे। समापन समारोह में मंच संचालन सीमांचल त्रिपाठी तथा आभार खेल अधिकारी आरती पाण्डेय द्वारा किया गया। ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के सफ लतापूर्वक संचालन में जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, नगर पालिका, शिक्षा विभाग, एसईसीएल आदि विभागों का विशेष सहयोग रहा।

न्यायालय तहसीलदार
धरमजयगढ़
जिला -रायगढ़ (छ.ग.)

रा.प्र.क्र /ब-212/2022-23
साकिन-धरमजयगढ़ प.ह.नं. 56
तहसील धरमजयगढ़, जिला रायगढ़

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण शैलेन्द्र निषाद एवं अन्य 3 निवासी ग्राम संतोष नगर पतरापारा धरमजयगढ़ तहसील धरमजयगढ़ जिला रायगढ़ ने आवेदन पेश किया है कि आवेदकगण के माता जी स्व. सुशीला निषाद पति स्व. निरंतर निषाद जो स्वास्थ विभाग में वार्ड आया के पद पर कार्यरत थी जिनकी मृत्यु दिनांक 037/2022 को हो गई है अतः मृतक के विधिक उत्तराधिकारियों हेतु उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र हेतु निवेदन किया गया।

उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति हो तो वे स्वतः अथवा अपने किसी भी अधिकृत व्यक्ति या अपने अभिभाषक सहित उपस्थित होकर दिनांक 16/06/2023 तक या इसके पूर्व अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात किसी भी प्रकार की दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02/06/2022 को मेरे न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील

तहसीलदार
धरमजयगढ़

शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए कई शिक्षक हुए सम्मानित

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

रायगढ़ जिले में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों का सम्मान किया गया। जिसमें विकासखंड धरमजयगढ़ के कई शिक्षकों को सम्मान मिला है। शिक्षा सत्र 2021-22 एवं 2022-23 हेतु मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण योजना अंतर्गत जिला स्तर पर पुरस्कृत किया गया।

शासकीय नटवर उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय रायगढ़ में दोपहर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि रायगढ़ विधायक प्रकाश नायक, अध्यक्ष जिला पंचायत रायगढ़ निराकार पटेल के हाथों चयनित शिक्षकों को सम्मानित किया गया। विकासखंड धरमजयगढ़ से सत्यजीत पुरकायस्थ प्रधान पाठक सेजेस धरमजयगढ़ को मीडिल स्कूल के बच्चों को प्रायोगिक कार्य कराते हैं। जिसके लिए स्वयं पृथक से उपकरण तैयार करते हैं। वहीं विज्ञान माडल बनाने में सक्रिय योगदान के लिए ज्ञानदीप सम्मान दिया गया। वहीं शिक्षादुत सम्मान दिनेश सिंह प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला बरतापाली को शाला त्यागी बच्चों का प्रवेश कराना एवं विद्यालय का उत्तम रखरखाव के लिए, प्रमिला जांगड़े सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला ठाकुरनगर जोबी बच्चों का शत-प्रतिशत प्रवेश एवं विद्यालय में स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के लिए,पृथीपाल राठिया सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला रुपूंगा, स्कूल के सजावट में विशेष योगदान किचन गार्डन का निर्माण कराया जाना बच्चों के पालकों से मधुर संबंध एवं नवाचार प्रयोग करने के लिए, राजेंद्र राठिया सहायक शिक्षक एलबी शासकीय अभ्यास प्राथमिक शाला धरमजयगढ़ प्रत्येक बच्चों को प्रत्येक शनिवार को योगा कराना खेल सामग्री से गणित, प्रयोगों द्वारा विज्ञान पढ़ाना एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम कराने के लिए, निरंजन लाल पटेल सहायक शिक्षक एलबी शासकीय प्राथमिक शाला लामिखार, रटने की प्रणाली से बच्चों को मुक्ति दिलाना, दाई ददा से गोठ बात कार्यक्रम चलानाए लकड़ी से अहाता निर्माण एवं बेंच टेबल बनाने के लिए, विजय कुमार साहू सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला बीजापतरा, सीख कार्यक्रम पढ़ाई तुंहर द्वार, टी एल एम निर्माण एफएल एम कार्यक्रम में महत्वपूर्ण योगदान के लिए पुरस्कृत किए गए। सम्मान पाने वालों को बीईओ धरमजयगढ़ रवि शंकर सारथी एवं शिक्षकों ने बधाई शुभकामनाएं दी।

एक नजर

गोधन न्याय योजना में लापरवाही बरतने पर कृषि विस्तार अधिकारी निलंबित

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।

ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी पकनी विकासखण्ड ओड़गी सुरेन्द्र कुमार डहरिया को गोधन न्याय योजना के क्रियान्वयन में लापरवाही बरतने तथा इस संबंध में बुलाई गई आयोजित समीक्षा बैठक में बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थिति रहने के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलबंन अवधि में डहरिया ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी का मुख्यालय वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी ओड़गी निर्धारित किया जाता है। डहरिया को निलबंन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

व्यय लेखा की जांच कराने हेतु तिथि निर्धारित

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

बेमेतरा जिले में नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन 2023 के लिए राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा वन संरक्षक कार्ययोजना वनमंडल बिलासपुर रामअवतार दुबे को सामान्य प्रेक्षक एवं संजय कुमार चौधरी उपसंचालक वित्त, वरिष्ठ लेखाधिकारी छग ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण कबीरधाम को व्यय प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। सामान्य प्रेक्षक रामअवतार दुबे ने गत दिवस जनपद पंचायत बेरला एवं बेमेतरा का भ्रमण कर निर्वाचन की तैयारियों का जायजा लिया एवं आवश्यक निर्देश दिए। नगर पालिका बेमेतरा के वार्ड 6 के उप निर्वाचन के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक संजय कुमार चौधरी ने भी पार्षद पद के अभ्यर्थियों की बैठक लेकर व्यय लेखा के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रदान की। अभ्यर्थियों के लिए व्यय लेखा की जांच कराने हेतु 15 जून एवं 23 जून को 11:00 से 01:00 बजे तक की तिथि एवं समय निर्धारित किया गया है। उप निर्वाचन के संबंध में कोई भी शिकायत सामान्य प्रेक्षक के मो.नं 6264162601 एवं व्यय प्रेक्षक के मो.नं. 9300246454 पर की जा सकती है।

शासकीय कन्या क्रीड़ा परिसर जशपुर में प्रवेश प्रांरभ

29 जून को होगा प्रवेश के लिए अंतिम चयन प्रक्रिया

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

आदिम जाति विभाग द्वारा शासकीय कन्या क्रीड़ा परिसर जशपुर में सत्र 2023-24 के लिए प्रतिभावन खिलाड़ी छात्र-छात्राओं के प्रवेश प्रारंभ है। शासकीय कन्या क्रीड़ा परिसर जशपुर में 29 जून 2023 दिन गुरूवार को प्रवेश का अंतिम चयन प्रक्रिया रखी गई है। प्रवेश फार्म शासकीय कन्या क्रीड़ा परिसर जशपुर में कार्यलयीन अवधि में प्राप्त किया जा सकता है। शासकीय कन्या क्रीड़ा परिसर में प्रवेश हेतु माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के लिए आयु सीमा अधिकतम 14 वर्ष, उच्चतर माध्यमिक स्तर के लिये आयु सीमा अधिकतम 18 वर्ष, छात्राओं का चयन 10 बैटरी टेस्ट के आधार पर होगी, छात्राओं का अनुसूचित जनजाति वर्ग का होना अनिवार्य होगा, पात्र छात्राओं के लिए चिकित्सा प्रमाण-पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा। चयनित छात्राओं को सत्र समाप्ति तक रहना अनिवार्य होगा। खेल प्रमाण पत्र की छायाप्रति प्रवेश फार्म के साथ लगाना अनिवार्य है। परिसर में शासन द्वारा छात्राओं को नि: शुल्क आवास एवं भोजन की सुविधा प्रदान की जाएगी। छात्राओं को नि:शुल्क प्रशिक्षण एवं नि:शुल्क खेलकुद सामग्री एवं गणवे प्रदाय की जावेगी, प्रत्येक प्रवेशित छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा प्रदाय जाएगा। संस्था में खो-खो फुटबॉल, बेसबाल, हॉकी एवं एथलेटिक्स की व्यवस्था एवं नि: शुल्क विशेष कोंचिग की व्यवस्था उपलब्ध की जाएगी।

युवक से मारपीट

रायपुर । विजय प्रेस दुकान के पास बीरगांव में कल रात मामूली बात पर दो युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर उरला पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी विवेक पटेल 22 वर्ष बुधवारी बाजार के पास बीरगांव का रहने वाला है। बताया जाता है कि कल रात प्रार्थी विजय प्रेस दुकान के पास घुमने गया था, तभी आरोपी मोनू यादव व एक अन्य प्रार्थी के पास आया और पानी बॉटल का पैसा मांगा।

चोरभट्टी गांव में मशरूम उत्पादन से समूह की महिलाओं की बढ़ी आमदनी

सुराजी गांव गौठान में बनाए गए शेड में कर रहीं मशरूम का उत्पादन

जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीर चांपा।

चंडी दाई स्व सहायता समूह की महिलाएं मशरूम का उत्पादन करते हुए स्वरोजगार के माध्यम से स्वावलंबी बन अपने परिवार का भरण-पोषण अच्छे से कर रही हैं। इसके साथ ही दूसरी स्व सहायता समूह की महिलाओं के लिए वह प्रेरणास्त्रोत बन रही हैं। महिलाओं का मानना है कि उनके इस कार्य को आगे बढ़ाने में अहम योगदान राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी नरवा, गरूवा, घुरूवा एवं बाड़ी योजना का है। जिससे बनाए गए गौठान में जुड़ने के बाद एक गांव से लेकर दूसरे गांव एवं शहरों तक इनके मशरूम का कारोबार फैल चुका है और मशरूम उत्पादन से समूह की महिलाओं आय में वृद्धि हुई है।

जांजगीर-चांपा जिले की जनपद पंचायत पामगढ़ जिसके ग्राम पंचायत चोरभट्टी गौठान में मशरूम उत्पादन से चंडी दाई स्व सहायता समूह की महिलाएं जुड़ी हुई हैं। समूह की अध्यक्ष रमेशरी कश्यप बताती हैं कि महिलाओं को स्वावलंबी बनाने में शासन का अहम योगदान रहा है, जिसके द्वारा मशरूम के प्रशिक्षण से लेकर गौठान में शेड का निर्माण कराकर दिया गया। वरना ऐसा संभव ही नहीं था कि महिलाओं को गांव में इतना अच्छा रोजगार मिल सके। जब से गौठान में मशरूम उत्पादन की आजीविका गतिविधि से जुडी तब से तरक्की के रास्ते खुलने शुरू हो गए। वह बताती हैं कि खेती-किसानी के साथ ही मशरूम उत्पादन से भी आय अर्जित कर रही हैं। गांव सहित आसपास के बाजार में मशरूम की मांग बहुत बढ़ रही हैं। समूह को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजना से चक्रीय निधि की राशि 15 हजार एवं सामुदायिक निवेश निधि की राशि 60 हजार एवं बैंक लिंकेज के माध्यम से 1 लाख रूपए की आर्थिक सहायता मिली। साथ ही गौठान में समूह को मशरूम उत्पादन करने के लिए शेड की व्यवस्था की गई है। एसएचजी समूह द्वारा इस पैरा मशरूम एवं आस्टर मशरूम के उत्पादन करते हुए कार्य शुरू किया। इस वर्ष मशरूम का उत्पादन करते हुए लगभग 40 क्विंटल का विक्रय किया गया। जिससे समूह को 1 लाख रूपए की आय हुई। समूह की महिलाएं बताती हैं कि मशरूम के विक्रय से जो भी आमदनी हुई उसे समूह की महिलाओं ने बराबर-बराबर हिस्से में बांट लिया और उससे घर परिवार के खर्चे के अलावा बच्चों की पढ़ाई सहित अन्य कार्यों में खर्च किये। रमेशरी, अंजनी कश्यप, गौरीबाई, कौशल्या कश्यप, खगेश्वरी कश्यप, गंगाबाई कश्यप सहित समूह की सदस्यों का कहना है कि समूह के गठन होने के बाद से कोई विशेष काम नहीं था। अधिकांश समय यूं ही खाली निकल जाता था। लेकिन गौठान में जब से मशरूम की गतिविधि से जुड़े तब से बेकार बैठना बंद हो गया।

शहरों तक बढ़ी मशरूम की मांग

समूह की महिलाओं ने बताया कि उनके मशरूम की मांग गांव सहित शहरों तक बढ़ी है। चोरभट्टी गांव के अलावा किरारी, तागा, तरौद में मशरूम की खपत होती है। इसके अलावा यहां से अकलतरा,जांजगीर एवं बिलासपुर के लोग भी मशरूम लेकर जाते हैं। जिससे उन्हें अच्छी आमदनी हो रही है।

अवैध उत्खनन करते 8 वाहन पर गिरी गाज, एक्सन मोड पर आया खनिज विभाग

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।

कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देश पर जिले अंतर्गत खनिज अमला, राजस्व अमला एवं जिला स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन करने वाले अवैध उत्खनन कर्ता, परिवहनकर्ताओं के विरुद्ध सतत् जांच एवं कार्यवाही की जा रही है। जांच के दौरान खनिजों पत्थर, गिट्टी, मुरूम, मिट्टी, ईट, रेत आदि का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करते पाये जाने पर ऐसे कार्यों में संलग्न मशीनरी एवं वाहनों को नियमानुसार जब्त कर अवैध उत्खनन परिवहन का प्रकरण दर्ज किया जा रहा है। तथा अर्थदंड की वसूली भी की जा रही है। 10 जून तक विभागीय अमला एवं जिले में गठित टास्क फ र्स द्वारा खनिज पत्थर, गिट्टी, मुरूम, मिट्टी, ईट, रेत अवैध परिवहन में संलग्न 08 वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही करते हुए अवैध परिवहनकर्ताओं से अर्थदण्ड के रूप में राशि रुपये 153747,जिसमें खनिज रेत, पत्थर एवं मिट्टी के 07 प्रकरण पर अर्थदंड की राशि रूपये 1.37,437 वसूल कर खजाना दाखिल कराया गया है। खनिज अमला, राजस्व अमला एवं जिला स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन में संलग्न वाहनों पर नियमानुसार लगातार कार्यवाही की जा रही है।

ग्रीष्मकालीन अवकाश 25 जून तक

भीषण गर्मी के कारण मुख्यमंत्री का आदेश

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

छत्तीसगढ़ में भीषण गर्मी को देखते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने स्कूलों के ग्रीष्मकालीन अवकाश को 25 जून बढ़ाने निर्देशित किया है। मुख्यमंत्री ने आदेश जारी कर आगामी 26 जून से सभी स्कूलों को खोलने के निर्देश दिए हैं। बता दें कि आगामी 16 जून से छत्तीसगढ़ के सभी स्कूलों में शाला प्रवेश उत्सव मनाया जाना था। लेकिन छत्तीसगढ़ में पड़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए सरकार ने स्कूल खोलने पर बड़ा फैसला लिया है। मुख्यमंत्री ने भीषण गर्मी से राहत देने के लिए अब स्कूलों को 16 जून के बजाय आगामी 26 जून से खोलने का फैसला लिया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के इस आदेश के बाद स्कूली बच्चों के अभिभावकों और शिक्षकों ने सरकार के इस फैसले पर धन्यवाद दिया।



छत्तीसगढ़ शासन
स्कूल शिक्षा विभाग
//मंत्रालय//
महानदी भवन, अटल नगर, नवा रायपुर
जिला रायपुर-492002
---000---

:: आदेश ::

नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 14/06/2023

क्रमांक एफ 3-2/2016/20-तीन :: विभागीय समसंख्यक आदेश दिनांक 29/09/2022 द्वारा शिक्षा सत्र 2022-23 (16 जून से 30 अप्रैल, 2023 तक) में शासकीय अनुदान प्राप्त, गैर अनुदान प्राप्त शालाओं एवं डी.एड./बी.एड./एम.एड. कॉलेजों में दशहरा, दीपावली, शीतकालीन एवं ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किये हैं।

2/ उक्त आदेश में दिनांक 01/05/2023 से 15/06/2023 तक कुल 46 दिन का ग्रीष्मकालीन अवकाश स्वीकृत किया गया है।

3/ वर्तमान में प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी व लू को दृष्टिगत रखते हुए, राज्य शासन एतद् द्वारा ग्रीष्मकालीन अवकाश की अवधि में दिनांक 16/06/2023 से 25/06/2023 तक वृद्धि करता है। दिनांक 26/06/2023 से शालायें प्रारंभ होगी।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार,

(डॉ. एस. भारतीदासन)
सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
स्कूल शिक्षा विभाग

पृ.क्रमांक एफ 3-2/2016/20-तीन
नवा रायपुर, दिनांक 14/06/2023

प्रतिलिपि :-
(01) विशेष कर्त्तव्यस्थ अधिकारी, माननीय मंत्री जी, स्कूल शिक्षा, मंत्रालय, नवा रायपुर
(02) प्रमुख सचिव, छ.ग. शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय, नवा रायपुर अटल नगर
(03) संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर
(04) समस्त संभागायुक्त, छत्तीसगढ़
(05) समस्त कलेक्टर, छत्तीसगढ़
(06) समस्त संभागीय संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण, छत्तीसगढ़
(07) संचालक, जनसम्पर्क संचालनालय, छत्तीसगढ़ रायपुर
(08) संचालक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, छत्तीसगढ़ रायपुर
(09) प्रबंध संचालक, समग्र शिक्षा, पेंशन बाड़ा, रायपुर (छत्तीसगढ़)

निरन्तर.....2

फर्जी बिल्टी पेपर तैयार कर कोयला ले जा रहे थे उड़ीसा 2 आरोपी गिरफ्तार

4 लाख 30 हजार रूपये कीमत के 58.65 मैट्रिक टन कोयला सहित 2 ट्रक किए जप्त

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।

थाना सूरजपुर पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि ट्रक क्रमांक सीजी 13 एके 0168 एवं ट्रक क्र. सीजी 15 एके 0169 में आमगांव कोयला खदान से कोयला लोड़ करके बिलासपुर के लिए निकला है उक्त कोयला का फर्जी कागजात तैयार कर किसी अन्यत्र जगह खपाने ले जा रहे है। पुलिस महानिरीक्षक, सरगुजा रेंज रामगोपाल गर्ग के सतत् मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक सूरजपुर आई कल्याण एलिसेला ने थाना प्रभारी सूरजपुर को कार्यवाही करने के निर्देश दिए। थाना सूरजपुर की पुलिस टीम ने मानी चौक में नाकाबंदी लगाकर वाहनों की चेकिंग की इस दौरान उक्त दोनों ट्रक वहां पहुंचे जिसकी तलाशी लेने पर उसमें कोयला लोड पाया गया। ट्रक को चालक सोनू भाट पिता ननहक भाट उम्र 36 वर्ष निवासी दिनदयाल अपाटमेंट धमरापुर चौक रायगढ़ एवं मोहम्मद सद्दाम अंसारी पिता मोहम्मद सनीप अंसारी उम्र 29 वर्ष निवासी टोरी, थाना चंदवा, जिला लातेहार बिहार चला रहे थे। पूछताछ पर बताए कि आमगांव कोयला खदान से कोयला लोड़ किए है परन्तु उनके द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों में बटवाही लुण्ड्रा से सुन्दरगढ़ उड़ीसा के लिए कोयला लोड़ अंकित होना पाया गया जो ट्रकों में लोड़ कोयला संदिग्ध एवं संज्ञेय अपराध से संबंधित होने के उचित संदेह होने पर धारा 102 जाफौ के तहत कार्यवाही कुल 58.65 मैट्रिक टन कीमत करीब 4 लाख 30 हजार रूपये का जप्त किया गया है। मामले की जांच के दौरान आमगांव खदान से मूल बिल्टी पर्ची दस्तावेज लिया गया जिसमें उक्त ट्रक चालकों के द्वारा 10 जून को कोयला लोड करके जेपी बीना थर्मल पावर व्हाया बिलासपुर जाना अंकित पाया गया परन्तु उक्त ट्रक चालकों के द्वारा मूल बिल्टी पर्ची की जगह पर बटवाही लुण्ड्रा सरगुजा का दस्तावेज तैयार करके सुन्दरगढ़ उड़ीसा का दस्तावेज अन्य व्यक्तियों के साथ मिलकर कूटरचना करके उड़ीसा ले जा रहे थे जो आरोपियों का कृत्य प्रथम दृष्टया धारा 420, 467, 468, 471, 34 भादसं.क तहत पाए जाने पर अपराध क्रमांक 246/23 पंजीबद्ध दोनों ट्रक व कोयला जप्त कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी सूरजपुर लक्ष्मण सिंह धुर्वे, प्रधान आरक्षक अदीप प्रताप सिंह, विवेकानंद सिंह, जयप्रकाश तिवारी, आरक्षक रवि पाण्डेय व रौशन सिंह सक्रिय रहे।

खाद बीज नहीं मिलने से किसान परेशान, 1 जून से हड़ताल पर टीएसएस कर्मचारी

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

किसान खेती की तैयारी जोरों से कर रहा है। लेकिन खाद बीज नहीं मिलने से किसान परेशान नजर आ रहा है। छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहा जाता है। छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था में खेती की महत्त्वपूर्ण भूमिका है। लेकिन यहां किसानों को ही परेशानी झेलनी पड़ रही है।

1 जून से सहकारी समिति के कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। जिसके कारण किसानों को खाद बीज नहीं मिल पा रहा है। समिति के कर्मचारी तीन सूत्रीय मांग को लेकर हड़ताल पर हैं। जिसमें बाहरी भर्ती बंद करने, नियमितीकरण एवं शासन द्वारा वेतन भुगतान करना प्रमुख मांग है। यदि इनका हड़ताल जल्द खत्म नहीं होता है तो किसानों की खेती पिछड़ सकती है। यदि समय पर किसान को खाद बीज नहीं मिलता है तो वह मजबूर होकर व्यापारियों से औने पौने दाम में खाद बीज खरीदने को मजबूर हो जाएगा। एक तरफसरकार किसानों की हित में काम करने की डींग हांकता है। वहीं किसानों के प्रदेश में किसान ही परेशान हो रहा है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in